INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक
# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त
DAVP-: 134220
Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-16 | मथुरा, बुधवार, 12 मार्च 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay


### यूनिक समय की खबर का असर

# पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के कारनामों पर बैठी जांच

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार के आदेश को ठेंगा दिखाकर पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड में जमकर अनियमितताएं बरती जा रहीं हैं। जनपद में दर्जनों की संख्या में सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों के आवासों की बिना जांच कराए ही उनके निर्माण एवं मरम्मत की वित्तीय स्वीकृति लिए पहले टेंडर निकाल दिए थे। इस संबंध में चार मार्च 2025 को दैनिक यूनिक समय में प्रथम पेज पर समाचार छपा तो इसका संज्ञान अधीक्षण अभियंता आगरा ने लिया। उन्होंने इसकी जांच कराने के लिए दो सदस्यीय समिति गठित कर दी। अब प्रांतीय खंड के अभियंताओं व ठेकेदारों में हड़कंप मच गया है।

यूनिक समय की खबर का अधीक्षण अभियंता सीपी सिंह ने संज्ञान लिया और तुरंत जांच कराने के लिए पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड वन के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह की अध्यक्षता में दो सदस्यीय जांच टीम बना दी है। इनके साथ इसी खंड के एई

### पीडब्ल्यूडी सीडी वन के एक्सईएन व एई करेंगे जांच

### प्रांतीय खंड के एक्सईएन व ठेकेदारों में चल रहा था बंदरबाट

### सरकारी आवासों की बिना जांच कराये निर्माण कराने को ले ली थी वित्तीय स्वीकृति

बीडी शर्मा भी हैं। इनको इस प्रकरण की जांच करने के लिए आठ मार्च का समय दिया था लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट एसई आगरा के पास नहीं पहुंची है। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता सीपी सिंह ने फोन पर बताया कि इन आवासों के प्रस्ताव उनसे पूर्व के अधीक्षण अभियंता ने भेजे थे। शायद उन्होंने ये आवास देखे होंगे। अब उनकी दो सदस्यीय समिति से जांच कराई जा रही है।

अभी तक उनके पास जांच रिपोर्ट नहीं आई है। तभी पता चलेगा कि प्रस्तावों की वास्तविकता क्या है, उनकी मंशा है कि सरकारी धन का दुरुपयोग नहीं हो। सही कार्य होने चाहिए। टीम मौके पर जाकर इन आवासों की जांच करेगी। दूसरी तरफ जांच टीम के अध्यक्ष पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता गुलवीर सिंह ने फोन पर बताया कि जांच करने के लिए उन्हें समय अभी तक नहीं मिल पाया है। वे शीघ्र ही जांच करके एसई को भेज देंगे।


उच्चाधिकारियों को गुमराह कर बड़े खेल की तैयारी

पीडब्ल्यूडी के अफसरों का बड़ा कारनामा

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग का अजब कारनामा फिर सामने आया है। पहले तो प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों के पूल्ड हाउसिंग के आवासों में मरम्मत के लिए वित्तीय स्वीकृति के टेंडर निकाल दिए। जब इसकी शिकायत हुई तो टेंडर निरस्त कर दिए गए। जबकि इन आवासों की मरम्मत की आवश्यकता नहीं थी। इन आवासों की चार वर्ष पहले ही मरम्मत हुई थी। अब विभागीय अभियंताओं ने उन आवासों के प्रस्ताव भेजकर शासन को गुमराह करके इनकी मरम्मत की वित्तीय स्वीकृत ले ली है। प्रदेश सरकार

ऑफिसर्स कॉलोनी में बने अधिकारियों के आवास।

रुपये, विद्युत कार्य के लिए 8.23 लाख रुपये, क्रम संख्या 50 पर कृष्णापुरी में टाइप 4 एनएच 1 से एनएच 7 तक के

लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। स्वीकृत राशि में प्रथम किश्त की राशि भी जारी कर दी है। इसमें जो तथ्य

जिन आवासों की मरम्मत की नही थी आवश्यकता, उन्हें मिली स्वीकृति

किसी उच्चाधिकारी ने प्रस्तावों की नही की स्थलीय जांच

अब शासन से मिली करोड़ों की राशि को ठिकाने लगाने में जुटे अभियंता

यूनिक समय ने चार मार्च को प्रमुखता से प्रकाशित की थी।


ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर में दर्शन करते श्रद्धालु।

# ...हमें तो भगवान की नगरी में होली खेलनी है

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** वैसे लोग अपने परिवारों के साथ गांवों में जाकर होली खेलने के लिए लालायित दिखाई दिए तो वहीं विभिन्न शहरों के कई परिवार भगवान की शरण में होली मनाने के लिए उत्सुक नजर आए।

ऐसे कई लोगों ने यूनिक समय के साथ बातचीत में कहा कि उनको तो भगवान की नगरी में होली खेलनी है, यहां से अधिक आनंद कहां मिलेगा। वृंदावन में गोयल परिवार नई दिल्ली से आया है। उन्होंने एक होटल में दो कमरे में बुक कराए। अब होली के बाद ही यहां से जाने का मन है। वह कान्हा की क्रीड़ा स्थली में होली खेलेंगे। पंजाब से आए ग्रुप में शामिल महिला शांति देवी, मनीषा समेत अन्य का कहना है कि वृंदावन की तरह कहीं और ऐसौ रंग कहां। यहां तो ठाकुरजी की कृपा बरसती है। वह साल भर होली का इंतजार करती हैं। हरियाणा से आए भजन लाल, रोहताश का कहना है कि बड़ी श्रद्धा और भक्ति के साथ वृंदावन आते हैं। ठाकुर बांकेबिहारी मंदिर, राधाबल्लभ लाल मंदिर, राधा दामोदर मंदिर, राधारमण मंदिर, प्रेम मंदिर समेत अन्य सभी मंदिरों में होली की रसिया पर थिरकते हैं। इसमें मन को बड़ी शांति मिलती है।

## वृंदावन में वृंदावन के लोग हो गए बाहरी

# हेलो.. गुरुजी पुलिस ने हमको रोक लिया है...

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृंदावन में वृंदावन के लोग बाहरी हो गए। इन लाइनों को पढ़कर चौंकिए नहीं बल्कि हकीकत है। किसी भी बड़े पर्व पर वृंदावन के लोगों को वृंदावन में प्रवेश करने के लिए नूरा कुश्ती करनी पड़ती है। अभी हाल में रंग भरनी एकादशी से पांच दिन के लिए लगाई वाहनों की नो एंट्री को लेकर कई बैरीकेडिंगों पर पुलिस से वृंदावन के लोगों की नोंकझोंक होती देखी गई। पुलिसकर्मी इन लोगों को एंट्री देने से आना कानी कर रहे थे। कई जगह तो विवाद की स्थिति भी बनी। आधार कार्ड और गाड़ियों पर पुलिस के स्टीकर भी बेकार हो गए। अधिक विवाद बढ़ने पर वृंदावन के लोकल वाहनों को एंट्री मिल सकी। कई एंट्री पाइंटों पर तो लोगों ने फोन करके अपने गुरुजी को बताया कि फलां जगह पुलिस रोक रही है। फिर पुलिस की गुरुजी से बात कराई गई। या फिर किसी वृंदावन के प्रमुख लोगों से बात कराकर ही वृंदावन में एंट्री मिल सकी।

## ट्रेन से कट कर युवक की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** कोसीकलां स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। थाना बरसाना के गांव लोहरवारी निवासी सुनील (25) पुत्र पीतम की कोसीकलां स्टेशन के आस-पास ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। जीआरपी ने शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


गोपीनाथ मंदिर में विधवा महिलाएं होली के दौरान प्रफुल्लित मुद्रा में।

**ऐलान** श्री चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने किया ऐलान

# श्रीकृष्ण मंदिर बनने पर ही करूंगा बांके बिहारी के दर्शन

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर श्री रामभद्राचार्य जी महाराज ने ऐलान किया कि जब तक शाही ईदगाह मस्जिद को हटाकर मूल गर्भ गृह पर भगवान श्री कृष्ण का मंदिर नहीं बनेगा तब तक वह बांके बिहारी के दर्शन नहीं करेंगे। साथ ही श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप को यह भी भरोसा दिलाया कि वह न्यायालय में अपनी गवाही देने के लिए अवश्य जाएंगे।

श्री सिंह ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के मंदिर का निर्माण अब होकर रहेगा, हमने जो नारा दिया है कि आ गए हैं अवध बिहारी अब आयेंगे कृष्ण मुरारी , ये साकार होकर रहेगा। श्री चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर रामभद्राचार्य इन दिनों वृंदावन स्थित सुखधाम आश्रम में राम कथा का श्रद्धालुओं को रसास्वादन करा रहे हैं। बरसाना के संत पंडित बाबा, अक्षयपात्र के संत अनंतवीरदास और राम कथा के आयोजक पीपापीठाधीश्वर बलरामबाबा के संग बुधवार को श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने श्री रामभद्राचार्य जी महाराज से मुलाकात की और श्री कृष्ण जन्मभूमि के विवाद को लेकर गहन मंत्रणा भी की। मुलाकात की जानकारी देते हुए महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि महाराज जी ने राम मंदिर के मुकदमे में अपनी गवाई कोर्ट में दी थी। चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर के ऐलान से साधु संत समाज में उत्साह का असीम संचार होगा और श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास को मंदिर निर्माण की दिशा में चलाए जा रहे आंदोलन को विषेश ऊर्जा और शक्ति मिलेगी।


सुखधाम आश्रम में चित्रकूट तुलसी पीठाधीश्वर श्री रामभद्राचार्य महाराज से मुलाकात करते श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह।

# वृंदावन में विधवा माताओं ने खेली होली

**यूनिक समय, वृंदावन।** स्थान- गोपीनाथ मंदिर का परिसर, मौका सुलभ इंटरनेशनल की ओर से आयोजित विधवा माताओं के लिए होली कार्यक्रम। जैसे ही गीत संगीत के मध्य फूलों के साथ अबीर गुलाल के साथ होली शुरू हुई तो माताएं प्रफुल्लित होकर थिरक उठी।

उनको ऐसा लग रहा कि कान्हा ने उनकी जिंदगी में रंग घोलने के लिए अदभुत होली का आयोजन हुआ है। मंदिर के आंगन में लाल और पीले फूलों की पखुंडियों के साथ पीले गुलाल उड़ा तो अदभुत नजारा दिखाई देने लगा। लग रहा था कि मानो भगवान श्रीकृष्ण विधवा माताओं को कुछ इशारा कर रहे हों उनकी जिंदगी में रंगों का त्यौहार खुशी लेकर आया है। पूरे परिसर में होली रे रसिया गायन के स्वरों के साथ विधवा माता थिरकने लगी। उनके साथ विदेशी महिलाएं नृत्य करने लगी। कई विदेशी महिलाओं ने कहा कि यहां आनंद की अनुभूति हुई है। उनके शब्दों का बयान नहीं किया जा सकता है।

### गोपीनाथ मंदिर में होली रे रसिया पर थिरकी विदेशी महिलाएं

## घर पहुंचकर होली खेलनी है, हर किसी को जल्दी...

# ट्रेनों और बसों में भीड़ ही भीड़


मथुरा जंक्शन स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों का इंतजार करते यात्री।

**यूनिक समय, मथुरा।** होली की छुट्टी होने के साथ ट्रेन और बसों में भीड़ देखी गई। मध्य प्रदेश से मथुरा में मजदूरी करने आए लोग अपने परिवारों के साथ ट्रेन से अपने घरों की ओर जाने लगे। स्टेशन पर पहुंचे लेकिन ट्रेनों में जगह न मिलने के कारण खड़े खड़े ही ट्रेनों में सवार होकर यात्रा करने को विवश होना पड़ा। इसी तरह से विभिन्न शहरों की ओर जाने वाली बसों में कुछ ऐसी ही स्थिति दिखाई दी। एनएच 19 एवं यमुना एक्सप्रेस वे से गुजरने वाली बसों में भी भीड़ देखी गई। हर कोई अपने गांव जाकर परिवार के साथ होली मनाने के लिए बेताव था।


मथुरा जंक्शन पर श्रीधाम एक्सप्रेस में धक्का देकर चढ़ते यात्री।

मथुरा जंक्शन पर भी अब एरोड्रम जैसी व्यवस्था लागू की जा रही है। प्लेटफॉर्म टिकट के साथ और ट्रेन के आने से दो घंटे पहले ही ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रवेश दिया जा रहा है। यह व्यवस्था यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर की गई है। दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर मची भगदड़ के बाद से रेलवे अधिकारी काफी सतर्क नजर आ रहे हैं। प्लेटफार्म पर ट्रेनों के आने के दौरान यात्रियों की भीड़ एकत्रित न हो और भीड़ का दबाव भी ट्रेनों में चढ़ने को बढ़े। इसके लिए मथुरा जंक्शन की तीनों एंट्रियों पर यात्रियों के लिए इस तरह की व्यवस्था की गई है जिससे स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्रियों के दबाव को कम किया जा सके। स्टेशन प्रबंधक एनपी सिंह ने बताया कि इसके लिए बिना टिकट के प्लेटफॉर्म पर किसी को जाने की अनुमति नहीं है। प्रवेश द्वारों पर सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। सुरक्षाकर्मी गेट से ट्रेन के दो घंटा पूर्व ही संबंधित ट्रेन से यात्रा करने वाले यात्रियों को प्रवेश देंगे। इसके साथ ही स्टेशन पर टीसी और आरपीएफ द्वारा चेकिंग कराई जा रही है। बिना टिकट पाए जाने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।


बस में सवार होते यात्री।






# होली पर सूरज की तपिश का होगा असर

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** इस बार होली पर सूरज की तपिश का असर होगा। पिछले कई दिनों से बढ़ रहे तापमान से ऐसे संकेत दिखाई दे रहे हैं। मौसम विभाग की ओर से इशारा दिया जा रहा है कि भगवान भास्कर के तल्ख तेवर होली पर दिखाई देंगे। इस कारण होली के हुड़दंगदियों की ओर से लोगों पर डाले जाने वाले रंगीन पानी से ठिठुरन का अहसास नहीं होगा। मौसम विभाग की मानें तो हवा चलने के कारण मौसम में थोड़ा सा बदलाव हो सकता है। होली पर गर्म मौसम का असर कई सालों के बाद देखने को मिलेगा। बुधवार को भी तापमान करीब 35 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। इस कारण लोगों को आज भी गर्मी आने का अहसास हो गया था। तेज धूप को लेकर किसान काफी चिंतित हैं।

## हुड़दंगियों के पानी डालने से नहीं होगा ठंड का अहसास

# हो गए पेपर, टेंशन खत्म, अब परिणाम का इंतजार

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** यूपी बोर्ड परीक्षा का आज आखिरी दिन था। इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के परीक्षार्थियों ने पूरी मेहनत के साथ परीक्षा दे दी। अब उनको अपनी मेहनत के फल का इंतजार है। इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के अधिकांश परीक्षार्थियों का कहना है कि इस बार अच्छे पेपर आए और उनको सॉल्व भी अच्छे से किया। अब परीक्षा परिणाम में अच्छे नंबरों की भी उम्मीद है। जिले में होली के बाद उत्तर पुस्तिकाओं की जांच का काम शुरू हो जाएगा।

सरकार का प्रयास है कि कॉपियों की जांच का काम जल्द पूरा हो। फिर छात्र–छात्राएं नई क्लासों में जाने की तैयारी करें। इसी तरह से सीबीएसई बोर्ड की इंटर मीडिएट और हाईस्कूल की परीक्षाएं भी खत्म होने वाली हैं। इन परीक्षार्थियों के चेहरे पर अच्छे पेपर करने की मुस्कान है।

# बच्चे मोदी और योगी वाली पिचकारियां चलाएंगे


होली पर पिचकारी, रंगों से सजी दुकान।

## सिलेंडरों से निकलेगा अबीर गुलाल

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** होली आने से पहले बाजार सज गए। मोदी और योगी के चित्र लगी पिचकारियां बच्चों को खूब भा रही हैं। बच्चों के लिए अभिवाभक इन पिचकारियों को हाथों-हाथ खरीद रहे हैं। इस तरह से अबीर गुलाल से भरे सिलेंडर आ गए हैं। कई और तरह की भी पिचकारियां बाजार में उपलब्ध हैं।

पिचकारियों के साथ होली खेलने के लिए आए कई और आइटम के साथ अबीर गुलाल और रंगों से बाजार बूम करने वाला है। अनुमान है कि जिले में कई करोड़ रुपये का कारोबार होगा। होली से पहले नौकरी करने वालों को वेतन भी मिल गया है, इसलिए वह बच्चों के खातिर जेब ढीली करने में लग गए हैं।


मोदी और योगी के चित्र लगी पिचकारियां।

# वासुदेव वाटिका के पाथवे की टाइल्स देख नाराज हुए शैलजाकांत मिश्र

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र गोकुल में निर्माणाधीन वासुदेव वाटिका में लगाई जा रही टाइल्स को देखकर नाराज हो गए। उन्होंने काम रुकवाते हुए अब तक पाथवे पर लगाई गई सभी टाइल्स को उखाड़ने का आदेश दिया। उपाध्यक्ष का यह रुख देखकर सभी अधिकारी और इंजीनियर सहम गए।

बुधवार को उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र के नेतृत्व में परिषद के तकनीकी दल, मथुरा–वृंदावन विकास प्राधिकरण के इंजीनियर और परिषद के शीर्ष अधिकारियों के साथ गोकुल स्थित वासुदेव वाटिका का संयुक्त निरीक्षण किया गया। इस दौरान ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र को सम्पूर्ण प्रोजेक्ट की डिटेल नक्शे के माध्यम से दी। उन्हें पार्किंग, दो वाटरवाड़ी, ओपन एयर थिएटर, छोटी चौपाटी और फूड प्लाजा की लोकेशन की जानकारी दी गई।



निरीक्षण के दौरान, एक वाटरवाड़ी का क्षेत्रफल बड़ा होने पर उपाध्यक्ष मिश्र ने उसमें बोटिंग का सुझाव दिया। इसके बाद उन्होंने विभिन्न निर्माण स्थलों का जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए किसी भी प्रकार की कोताही न बरतने की हिदायत दी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने वासुदेव वाटिका में बन रहे पाथवे पर लगीं टाइल्स को देखकर कड़ी नाराजगी जताई। पाथवे पर लगी टाइल्स के बीच की दूरी को देखकर वे और अधिक नाराज हो गए।


उन्होंने तत्काल टाइल्स के काम को रुकवाते हुए इन्हें हटाने के आदेश दिए और संबंधित इंजीनियरों को फटकार लगाई। उन्होंने निर्देश दिया कि मजबूती के साथ देखने में चमकदार और सुंदर टाइल्स लगाई जाएं। अब वे स्वयं नई टाइल्स की डिज़ाइन देखने के बाद ही उनकी स्वीकृति प्रदान करेंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र के निर्देशानुसार वासुदेव वाटिका में पाथवे का काम रोक दिया गया है। संबंधित ठेकेदार को कार्य स्थल पर नई टाइल्स लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र, पर्यावरण विशेषज्ञ मुकेश शर्मा, विकास प्राधिकरण के अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम, अमरदीप, चीफ आर्किटेक्ट जय कार्तिकर, स्थानीय मयंक गर्ग, तकनीकी प्रभारी एसपी सिंह, जय सिंह शाक्य, राजकुमार, रामवीर सिंह, उमेश चंद्र शर्मा, सीपी सिकरवार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## काम रूकवाया, बदलने के दिए आदेश

# दिल्ली की भाजपा सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** आम आदमी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रवि प्रकाश भारद्वाज ने दिल्ली में बनी भारतीय जनता पार्टी की सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। कहा कि चुनाव से पहले किए गए सभी वादों को भारतीय जनता पार्टी, सरकार बनाने के बाद भूल गई। दुःखद आश्चर्य है कि चुनावी जनसभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी गारंटी पर वादे किए थे और कहा था कि यह मोदी की गारंटी है इन सब में सबसे प्रमुख वादा 8 मार्च को महिलाओं के खाते में ढाई हजार रुपए पहुंचने का था जो नहीं पहुंचे। रुपयों की जगह दिल्ली की महिलाओं को 8 मार्च को चार झूठे नेताओं की कमेटी मिली और उसके साथ अनगिनत शर्तों का अंदेशा मिला।

# मथुरा जिले में 14 मार्च को अलर्ट रहेगा प्रशासन

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** 14 मार्च को धुलैड़ी यानि रंग खेलने वाली होली और उसी दिन दोपहर को रमजान में शुक्रवार को नमाज का समय। ऐसी स्थिति में जिला एवं पुलिस प्रशासन अलर्ट होगा। 14 मार्च को हिंदू परिवारों के लिए होली खेलने का दिन होगा। सुबह से लेकर देर दोपहर कर होली का हुल्लड़ रहेगा। रंगों से रंगी बच्चों की टोली होली है बुरा मानो होली है का शोर करते हुए सड़कों पर घूमेगी तो महिला–पुरुषों की टोली भी हाथों में रंग लेकर इधर से उधर जाएगी। दोपहर के वक्त मुस्लिम भी रमजान माह में जुमे की नमाज अदा करने के लिए मस्जिदों में जाएंगे। इस दौरान कोई उन पर रंग और अबीर गुलाल न डाल

### संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनात होगी

### खुफिया तंत्र पूरी तरह से सक्रिय रहेगा

### तीसरी आंख से रखी जाएगी नजर

दें, इसलिए पुलिस की विशेष सतर्कता होगी। जिला एवं पुलिस प्रशासन ने जिले के सभी एसडीएम और सीओ को संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने भी सभी एसएसपी को कानून व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी दी है। माहौल बिगाड़ने वालों से सख्ती के साथ निपटा जाए।

## कोसीकलां मे शुक्रवार को सड़कों पर होगी पुलिस

संवाददाता

**यूनिक समय, कोसीकलां।** कल रात्रि को होलिका दहन के बाद शुक्रवार को होली खेलने और उसी दिन जुमे की नमाज को देखते हुए कोसीकलां में सुरक्षा को लेकर खाका खींचा गया है। शहर को तीन सेक्टरों में बांटा गया है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस के साथ पीएसी भी तैनात रहेगी। हुड़दंगियों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। किसी भी तरह का बवाल करने वालों को जेल भेज दिया जाएगा। कल बाजारों में रूट मार्च निकाला गया। कार्यवाहक सीओ संजीव कुमार राय ने बताया कि होली के दिन ही जुमे की नमाज है। इसको

### मस्जिदों के आसपास ड्रोन से भी निगरानी

लेकर पीस कमेटी की बैठक हर थाना स्तर पर कर ली गई है। धर्म गुरूओं से नमाज के समय में बदलाव के लिए कहा गया है, जिससे नमाजियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो। इस दौरान मिश्रित आबादी वाले इलाकों में पुलिस के साथ ही पीएसी को भी लगाया जा रहा है। मस्जिदों के आसपास ड्रोन कैमरों से भी नजर रखी जाएगी। अगर, सुरक्षा व्यवस्था में कोई व्यक्ति व्यवधान डालेगा तो कार्यवाही की जाएगी।

## चोरी की बाइक के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को चोरी की मोटरसाइकिल के साथ जाते हुए गिरफ्तार किया है। छाता पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति चोरी की बाइक को ले जा रहा है। इस सचूना पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर आरपीएल होटल के सामने सर्विस रोड से पुलिस ने चेकिंग की। पुलिस ने वहां बाइक से जाते एक व्यक्ति को रोक लिया। पुलिस को देख कर बाइक सवार हड़बड़ा गया। पुलिस को जांच में पता लगा कि बाइक चोरी की है। पुलिस ने इस मामले में जलालपुर निवासी इकराम को गिरफ्तार कर लिया।

### आज का शब्द

**आक्रामकता**

**क्या है आक्रामकता शब्द!**

आक्रामकता एक मानसिक और शारीरिक व्यवहार है, जिसमें व्यक्ति किसी अन्य को नुकसान पहुँचाने, डराने या आहत करने का प्रयास करता है। यह गुस्से, तनाव, असंतोष या अन्य नकारात्मक भावनाओं के कारण उत्पन्न हो सकता है। आक्रामकता शारीरिक (जैसे हाथापाई) या मानसिक (जैसे गालियाँ देना, अपमान करना) रूप में प्रकट हो सकती है। यह व्यक्तित्व पर नकारात्मक असर डाल सकती है, इसलिए इसे नियंत्रित करना जरूरी होता है।

## अस्पताल में मरे अज्ञात युवक की हुई शिनाख्त

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना सदरबाजार क्षेत्र स्थित औरंगाबाद से पुलिस द्वारा बीमारी की हालत में इलाज के लिए भर्ती अज्ञात युवक की शिनाख्त फर्रूखाबाद निवासी मीनू सक्सैना के रूप की गई है। पुलिस के अनुसार औरंगाबाद में लावारिस हालत में मिले अज्ञात युवक को पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कुछ लोगों से जानकारी करने के बाद युवक के परिवार के लोगों को इस बारे में पुलिस ने सूचना दी। फर्रूखाबाद के बबराला से आए

### 15 साल से घर नही गया था

### फर्रूखाबाद का था रहने वाला

उसके परिजनों ने मृतक की शिनाख्त नीलू सक्सेना पुत्र जवाहर लाल सक्सेना के रूप में की है। परिवार के लोगों का कहना है कि वह करीब 15 साल से अधिक से मथुरा में ही रह रहा था। उसका गांव में कोई संपर्क नहीं था। उसकी मौत का पता लगने पर वे लोग यहां आए है।



होली खेलकर स्कूल से लौटते बच्चे।

## स्कूल और कॉलेजों में खेली होली बच्चों ने आपस में लगाया रंग

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले के स्कूल और कॉलेजों में छात्र–छात्राओं ने जमकर होली खेली। आपस में होली आई रे के साथ अबीर गुलाल और रंग लगाया। स्कूल से घर लौटते समय गाड़ियों में छात्र–छात्राएं होली खेलते हुए लौटे। उनको देखकर लग रहा था कि कुछ घंटों बाद होली आ जाएगी।

## संपूर्ण मानव जाति का त्यौहार है होली



होली महोत्सव का शुभारंभ करते हुए पदाधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** वृंदावन बाल विकास परिषद और परशुराम शोभायात्रा समिति के तत्वावधान में अवध गोविंद बिहार में होली महोत्सव का आयोजन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मध्य किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्रदेश के पूर्व उच्च शिक्षा मंत्री श्यामसुंदर शर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति और भक्ति परंपरा का प्रतीक होली त्यौहार संपूर्ण विश्व के लिए एक आदर्श है। मुख्य अतिथि राजकुमार शर्मा ने कहा कि होली समाज को जोड़ने के साथ एक सशक्त माध्यम है। विशिष्ट अतिथि नगर निगम के उप सभापति मुकेश सारस्वत व सचेतक राधाकृष्ण पाठक ने कहा कि होली वास्तव में किसी एक समाज या एक वर्ग का नहीं बल्कि संपूर्ण मानव जाति का त्यौहार है। सम्मानित अतिथि डॉ. मनोज मोहन शास्त्री व डॉ. केशवाचार्य ने कहा कि होली उमंग और उत्साह का पर्व है। इससे पहले बिहारीलाल वशिष्ठ, सत्यभान शर्मा, चंद्रलाल शर्मा, सुरेशचंद्र शर्मा, स्वामी अवधेश शर्मा, संरक्षक अनुराग गोयल एवं धर्मेन्द्र गौतम ने ठाकुर बांके बिहारीलाल व भगवान परशुराम के चित्रपट पर पुष्पार्चन व दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। समिति संस्थापक आशीष गौतम चिंटू, अनुज शर्मा, अमित गौतम पिंटू एवं शिवम अग्रवाल ने अतिथियों का पटुका ओढ़ाकर सम्मान किया।

## होली पर शराब, बीयर, भांग की दुकान बंद रहेंगी

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला मजिस्ट्रेट / लाइसेंस प्राधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह के आदेशानुसार होली पर शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से जिले की देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर की फुटकर दुकानें एवं भांग की समस्त दुकानें 14 मार्च को सायं 5.00 बजे तक पूर्णतः बन्द रहेंगी। उन्होंने कहा कि कस्बा बलदेव स्थित देशी/विदेशी मदिरा / बीयर एवं भांग की फुटकर दुकानें 15 मार्च को सायं 7.00 बजे तक हुरंगा के दिन भी पूर्णतः बन्द रखी

### बलदेव में 15 को भी रहेगी बंदी

जाएंगी।

जनपद में किसी भी प्रकार की अवैध शराब एवं जहरीले पेय पदार्थो की बिक्री किसी भी स्थिति में न होने पाए। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की शिथिलता के लिए क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक व क्षेत्रीय पुलिस उप निरीक्षक संयुक्त रूप से उत्तरदायी होंगे।


मो. 9411981971, 9761238033
दर्द रोगी निराश न हों
हाथों द्वारा नस पकड़ते ही आराम
सभी प्रकार के • दर्द • डिस्क स्लिप • माइग्रेन • सर्वाइकल • साइटिका • गठिया • जोड़ों का दर्द • नस का दब जाना • शुगर • स्वांस एवं सभी प्रकार के पेट रोग एवं मोटापा घटाने के लिए एक बार अवश्य मिलें
वैध राधेश्याम सारस्वत
डॉ. हर्ष कुमार सारस्वत B.A.M.S. (Kanpur University)
एच. आर. न्यूरोथैरेपी चिकित्सा एवं रिसर्च सेन्टर अलीगढ़
वृन्दावन:- पारस प्राइड रुक्मनी बिहार, छटीकरा रोड़, वृन्दावन समय- प्रत्येक बुधवार प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक
मथुरा:- कृष्णा पुरी चौराहा, यमुना पुल, राया रोड़, मथुरा समय- प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक (प्रत्येक गुरुवार से रविवार)



मथुरा जनपद के एकमात्र DM (नेफ्रोलॉजिस्ट) की सेवाएं अब केडी मेडिकल में
गुर्दा रोग विभाग (नेफ्रोलॉजी)

Dr Rohit Puri
(Consultant Nephrologist and kidney transplant Physician)
DM Nephrology, AIIMS Rishikesh
MD Medicine, S N Medical college, Agra
MBBS, SN Medical college, Agra
एक्यूट किडनी फेलियर
क्रोनिक किडनी फेलियर
नेफ्रोटिक सिंड्रोम
पेशाब में खून आना
पेशाब में प्रोटीन आना
पेशाब के रास्ते में जलन होना
शरीर में सूजन आना
पेशाब का कम ज्यादा आना
अत्यधिक बीपी बढ़ना
बार-बार खून कम होना
गुर्दे प्रत्यारोपण की सलाह
डायलिसिस संबंधी समस्त इलाज
फ्री ओपीडी प्रातः 9 बजे से सायं 3 बजे तक
24 घण्टे इमरजेंसी सेवायें
24 घंटे डायलिसिस की सुविधा

हेल्थ इंश्योरेंस से कैशलेस इलाज की सुविधा
ECHS की सुविधा
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत से ईलाज की सुविधा
भारतीय रेलवे से सम्बद्ध
के.डी. मेडिकल कॉलेज हॉस्पीटल एण्ड रिसर्च सेंटर
अकबरपुर, छाता, मथुरा, हैल्पलाइन नं. 7055400400, 7088105741

# कमरे का ताला तोड़ चोरों ने की लाखों की चोरी

## संदूक में रखी थी तीन लाख रुपये की नकदी और लाखों के जेवरात

## पुलिस को दी गई तहरीर पर जांच जारी

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना महावन के गांव मनोहरपुर में एक मकान का ताला तोड़कर चोरों ने संदूक में रखे तीन लाख रुपये की नकदी और लाखों के जेवरात पार कर दिए। इस मामले में थाना महावन में तहरीर दी गई है। गांव मनोहरपुर निवासी रविंद्र के मकान को बीती रात चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। इसके बाद कमरे में रखी संदूक का ताला तोड़ कर उसमें रखे तीन लाख रुपये की नकदी, सोने की छह चूड़ियां, 4 अंगूठी, दो जोड़ी झुमकियां, एक हार के अलावा चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। घर में हुई चोरी का पता प्रातः उस समय लगा जब परिवार के लोगों ने कमरे का ताला टूटा देखा। कमरे में हुई लाखों की चोरी से परिवार के लोग सकते में आ गए। आस–पास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस को इस मामले में तहरीर दी गई है। तहरीर में गांव के कुछ लोगों पर चोरी का शक जाहिर किया गया है। जेवरात रविंद्र ने अपनी बहन के बताए हैं। पुलिस नामजदों से पूछताछ कर रही है। एसओ महावन डेजी पवार का कहना है कि जांच के बाद मामले में कार्रवाई की जाएगी।

# जिले में चौराहों पर होलिका पूजन की तैयारी हुई शुरू

## 13 को होगा होलिका दहन, 14 को खेली जाएगी होली

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले के शहरी, कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में होलिका पूजन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। होलिका के प्रमुख स्थलों समेत चौराहा और तिराहों पर लकड़ी डालकर होलिका रखने का संकेत दे दिया है। बस अब सिर्फ 13 मार्च का इंतजार है। 14 मार्च को धुलैड़ी है। इस दिन सभी होली खेलेंगे। साल भर से होली का इंतजार कर रहे लोगों के लिए यह दिन आ ही गया। बच्चे क्या महिला–पुरुष भी होली खेलने के लिए बेताव हैं, लेकिन सभी का होली खेलने का अंदाज अलग-अलग होगा। इससे पहले 13 मार्च को महिलाएं होलिका का पूजन करने के लिए घरों से निकलेंगी। फिर देर मध्य रात्रि 11.30 से 12.30 बजे के मध्य होलिका दहन होगा। होलिका स्थल से आग ले जाकर लोग अपने घरों में होलिका जलाएंगे। देर रात्रि को ही लोग आपस में गले मिलकर जौ देकर होली की राम-राम बोलेंगे। इसके बाद 14 मार्च को सूर्य की किरण निकलने के साथ ही होली खेलने का शोर मच जाएगा। कोई रंगों को पानी में मिलाकर पिचकारी चलाएगा तो कोई अबीर गुलाल से होली खेलेगा। डीजे पर होली के गीत चलाकर कोई डांस करेगा।

# जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा का अधिष्ठापन समारोह



जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुधा के अधिष्ठापन समारोह में पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ वसुंधा का अधिष्ठापन एवं शपथ ग्रहण समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसपी चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम के गेस्ट ऑफ आनर राजेश बजाज, मुकेश अग्रवाल, डॉ. उमेश अग्रवाल थे। शुरुआत मीनल व शिवांगी की गणेश वंदना के साथ हुई। नीना अग्रवाल, बबीता गर्ग, नम्रता सिंह, रीमा अग्रवाल, सेक्रेटरी श्वेता बंसल, कोषाध्यक्ष रुचि अग्रवाल, शशि अग्रवाल, शिल्पी गर्ग, कल्पना गर्ग, सानू सांवरिया, आशा अग्रवाल, चंचल, सुनीता मित्तल आदि लोग मौजूद थी। संस्था की प्रेसिडेंट जायंट मीरा अग्रवाल ने सभी को बधाई दी।

# सिन्धी पंचायत के होली मिलन में गूंजे भक्ति गीत



होली मिलन समारोह में सिंधी पंचायत के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** सिन्धी जनरल पंचायत का होली मिलन समारोह बहादुर पुरा में होली के रसिया के साथ मनाया गया। आज बिरज में होली रे रसिया तो जो री ये रे रसिया आदि होली के रसिया गाए। कई लोग झूमने को मजबूर हो गए। मीडिया प्रभारी किशोर इसरानी ने बताया कि सिंधी उत्सव चेटीचंड महोत्सव की शुरुआत होली मिलन समारोह से की है। यह कार्यक्रम एक अप्रैल तक शहर में आयोजित किए जायेंगे। इस मौके पर नारायण दास लखवानी, रामचंद्र खत्री, बसंतलाल मंगलानी, तुलसीदास गंगवानी, प्रदीप उकरानी, कन्हैयालाल, गुरुमुखदास गंगवानी, जितेंद्र लालवानी, चंदनलाल आडवानी, नी, भगवानदास मंगवानी, सुनील पंजवानी, सुरेश मेठवानी, जितेंद्र भाटिया तथा राजेश खत्री आदि उपस्थित थे।

# ठाकुर जी ने भक्तों के साथ खेली फूलों की होली



ठाकुर केशव देव महाराज मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भक्त।

**यूनिक समय, मथुरा।** प्राचीन विग्रह ठाकुर श्री केशव देव महाराज के साथ फूलों एवं रंग गुलालों से भक्तों ने होली खेली। भक्तों ने होली के रसिया एवं भक्ति संगीत गाते हुए ठाकुर जी को बग्गी में बिठा कर गन चेंबर भवन तक होली खेली। साथ कलाकारों ने मयूर नृत्य आदि कार्यक्रमों से भक्तों को झूमने को मजबूर कर दिया। मुख्य यजमान दीपक शर्मा, भावना शर्मा के साथ मिलकर लठा मार होली भी खेली गयी। मोनू पंडित, वृषभान किशोरी, सुधीर शर्मा, पूनम शर्मा, चेतन शर्मा, प्रियंका शर्मा, संजय महेश्वरी, दीपक पांडे, महेश गोयल, विजय बंसल, धीरेंद्र, आशुतोष शुक्ला, नारायण प्रसाद शर्मा, सोहनलाल शर्मा, अनिल कौशिक, डॉ आशुतोष शुक्ला, सुरेश अग्रवाल, पी पी शर्मा तथा योगेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



# 10 लाभार्थियों को एलपीजी सिलेंडर की सब्सिडी के चेक दिए



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में एलपीजी सिलेंडर की सब्सिडी का चेक एक मुस्लिम महिला को प्रदान करते हुए प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण, विधायक पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी सीपी सिंह।



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्री को नियुक्ति पत्र देते गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण, जिलाधिकारी सीपी सिंह, विधायक पूरन प्रकाश।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उ.प्र. के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर वितरण रिफिल की सब्सिडी अन्तरण का शुभारम्भ किया गया। लखनऊ के लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ जिले के अधिकारी एवं लाभार्भियों ने देखा। जनप्रतिनिधियों ने जनपद के10 लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी सिलेण्डर की राज्य सरकार की ओर से सब्सिडी के चेक प्रदान किए। इसमें, सोनिया, तबस्सुम, साधना, वंशिका, कामिनी, अनुराधा, बबीता, शबाना, गीता और शबनम शामिल थी। जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना पर प्रकाश डाला। जनपद में इस समय 2,11,334

## कलक्ट्रेट सभाकक्ष में किया कार्यक्रम

## लखनऊ में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा

## जिले में 211334 परिवारों में मिल रहा है नि :शुल्क एलपीजी सिलेंडर

परिवारों को उज्वला योजना के कनेक्शन निर्गत किए गए है। होली के अवसर पर जनवरी 2025 से मार्च 2025 के बीच सब्सिडी का ट्रान्सफर जनपद मथुरा में कार्यरत 61 गैस एजेंसियों के माध्यम से किया जाना है। जिलाधिकारी सीपी सिंह ने निर्देश दिये कि उज्वला योजना के लाभार्थियों के बैंक खाते आधार जल्द लिंक होंगे। जिनके आधार प्रमाणित होंगे, वही उक्त योजना हेतु पात्र होंगे। कार्यक्रम में विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, विधायक मांट राजेश चौधरी, एमएलसी ओमप्रकाश सिंह, एमएलसी योगेश नौहवार, नगर निगम मथुरा–वृन्दावन के महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, नोडल अधिकारी (एलपीजी) सुमित कसाना आदि मौजूद थे।

## 213 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के नियुक्ति पत्र मिलते ही खिले चेहरे

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी मिल मंत्री चौ. लक्ष्मीनारायण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने 213 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यकत्रियों को कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया कि सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी ब्लॉक स्तर पर नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, विधायक मांट राजेश चौधरी, सदस्य विधान परिषद ओमप्रकाश सिंह, सदस्य विधान परिषद योगेश नौहवार, नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी सतीश कुमार मिश्रा, सभी परियोजनाओं के सीडीपीओ उपस्थित थे।

## कार ने बाइक को टक्कर मारी मां की मौत, बेटे की हालत गंभीर

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में भरतपुर रोड पर कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में मां की मौत हो गई बेटे की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। छड़गांव निवासी श्याम सिंह की पत्नी श्यामवती (55) अपने बेटे अनिल कुमार के साथ कल सायं थाना मगोर्रा के गांव बरका से लौट रही थी। रास्ते में सड़क पर तेज गति से दौड़ती कार ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में श्यामवती की मौके पर ही मौत हो गई और बेटा अनिल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बेटे का किसी प्राइवेट हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

## चुरमुरा नाले के निकट मिला अज्ञात शव

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना फरह के भीमनगर चुरमुरा नाले के निकट हाईवे किनारे एक अज्ञात युवक का शव पड़ा देख लोगों में सनसनी फैल गई। पुलिस को भीबताया गया। शव की गर्दन पर चोट का निशान होने से उसकी हत्या की आशंका जाहिर की जा रही है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर भीमनगर के समीप चुरमुरा नाले के निकट आज एक अज्ञात युवक के शव को देखकर काफी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर एकत्रित हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उठवा कर पंचायतनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों ने युवक की हत्या करने के बाद यहां शव को फैंके जाने की आशंका जाहिर की है।






## स्कूल में बच्चों को सिखाये गीता के प्रेरक प्रसंग



ज्ञान–सफलता की पहचान कार्यक्रम में बच्चों को गीता के प्रेरक प्रसंग बताते पदाधिकारी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी द्वारा श्रीमदभगवद गीता के प्रचार प्रसार की श्रृंखला में गीता का ज्ञान–सफलता की पहचान कार्यक्रम गौरांग इंस्टीट्यूट फॉर वेदिक एजुकेशन (गिव गीता संस्था) के संयुक्त तत्वावधान में उच्च प्राथमिक विद्यालय तेहरा में चलाया। गिव गीता संस्था के प्रतिनिधि अवतारी कृष्ण दास प्रभु ने गीता पर व्याख्यान दिया। लगभग 150 विद्यार्थियों ने अपने शिक्षा गुरुओं के साथ भाग लिया। उन्होंने व्याख्यान के दौरान प्रश्नोत्तरी में सभी बच्चों ने भाग लिया। गीता डायरेक्टर प्रो. दिनेश खन्ना के निर्देशन में यह कार्यक्रम चल रहा है। अवतारी कृष्ण दास ने गीता का ज्ञान सफलता की पहचान के उदघोष के साथ बच्चों को सभी के जीवन में गीता के महत्व पर प्रकाश डाला।

अकादमी से आए हुए रासाचार्य स्वामी घनश्याम भारद्वाज ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे सभी अपने गुरु वर्ग का आदर करें और प्रतिदिन अपने माता–पिता के चरण स्पर्श करके विद्यालय में आवे।

जगदीश पथसारिया ने आभार जताया। अवतारी कृष्ण दास ने सभी को गिव गीता एप अपने–अपने मोबाइल में लोड करके उसे प्रतिदिन गीता प्रवचन सुनने के लिए अनुरोध किया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या श्रीमती मोनिका शर्मा, मल्लिका चटर्जी, श्रीमती मुकेश, कमलेश कुमारी, सरिता जोशी, मोहन सिंह, सुनीता आदि उपस्थित थे।

## उपभोक्ताओं को अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति किया जागरूक



उपभोक्ता संवेदीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

**यूनिक समय, मथुरा।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस अंतर्गत कोमल फाउंडेशन एवं भारतीय मानक ब्यूरो (उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार) नोएडा शाखा कार्यालय के सहयोग से आयोजित उपभोक्ता संवेदीकरण कार्यक्रम का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय, गोपालगढ़ एवं छरौरा मथुरा में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के बीच किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक बनाना है। इस अवसर पर उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के महत्वपूर्ण प्रावधानों, उपभोक्ता शिकायत निवारण प्रक्रियाओं और जागरूक उपभोक्ता बनने के उपायों पर चर्चा की गई। कोमल फाउंडेशन के अध्यक्ष अश्वनी कुमार राजौरिया ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया। बीआईएस ने उपभोक्ताओं को उत्पादों की गुणवत्ता जांचने में सहायता के लिए 'बीआईएस केयर' ऐप लॉन्च किया है। उन्होंने उपभोक्ताओं को फर्जीवाड़े, मिलावट और भ्रामक विज्ञापनों से बचने की सलाह दी। साथ ही, डिजिटल खरीदारी के बढ़ते चलन को देखते हुए ऑनलाइन ठगी से सुरक्षित रहने के उपायों पर भी जानकारी दी। समाजसेविका पूजा शर्मा ने महिला उपभोक्ताओं को हेल्पलाइन नंबर, उपभोक्ता अदालतों की प्रक्रिया और शिकायत दर्ज करने के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। बीआईएस के जागरूकता पोस्टर भी वितरित किए गए। कार्यक्रम में कोमल फाउंडेशन के अनिल कुमार वर्मा आदि उपस्थित थे।

## शोध में राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी को मिली सफलता

# प्रो. वर्षा स्नेही और प्रो. ऋतिक वर्मा के अनुसंधान को मिला पहला स्थान

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी को शारदा स्कूल ऑफ फार्मेसी शारदा यूनिवर्सिटी आगरा द्वारा शारदा फार्मा 2025 इनोवेशंस "सेविंग द फ्यूचर ऑफ फार्मेसी 2के30" के राष्ट्रीय फार्मा कॉन्क्लेव में दोहरी सफलता मिली। राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी की असिस्टेंट प्रो. वर्षा स्नेही के ओरल प्रजेंटेशन तथा असिस्टेंट प्रो. ऋतिक वर्मा को ई–पोस्टर श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।





प्रशस्ति पत्र लेते राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी के शिक्षक प्रो. वर्षा स्नेही तथा प्रो. ऋतिक वर्मा।

राष्ट्रीय फार्मा कॉन्क्लेव में प्रो. आर.के. खार (पूर्व डीन हमदर्द यूनिवर्सिटी दिल्ली), प्रो. जीटी कुलकर्णी (डीन देहरादून इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी), डॉ. दीपेंद्र सिंह (अध्यक्ष एजूकेशन रेगुलेशन कमेटी पीसीआई) एवं डॉ. पूजा शर्मा (सीईओ अपार हेल्थ केयर गुड़गांव) आदि की उपस्थिति में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं शैक्षिक संस्थानों के शोधार्थी शिक्षकों तथा छात्र–छात्राओं ने अपने शोध कार्य प्रस्तुत किए। विशेषज्ञों ने सभी पर विचार मंथन करने के बाद राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी की असिस्टेंट प्रो. वर्षा स्नेही के शोध "इन सिलिको इवेल्यूएशन ऑफ शिफ बेस डेरिवेटिवः मॉलेक्युलर डॉकिंग ड्रग लाइकनेस एंड एडीएमई टॉक्सीसिटी स्टडीज" के ओरल प्रजेंटेशन को प्रथम स्थान प्रदान किया। इसी तरह असिस्टेंट प्रो. ऋतिक वर्मा ने "रोल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस इन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री" पर व्याख्यान प्रस्तुत किया जिसमें ई-पोस्टर श्रेणी में उन्हें प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। आर.के. एज्युकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल, प्रबंध निदेशक श्री मनोज अग्रवाल तथा संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र पाठक ने राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी के प्राध्यापकों प्रो. वर्षा स्नेही तथा प्रो. ऋतिक वर्मा को बधाई दी। निदेशक प्रो. (डॉ.) देवेन्द्र पाठक ने कहा कि राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी का उद्देश्य ही राष्ट्र को कुशल और सक्षम फार्मेसी कार्यबल प्रदान करना है। शारदा यूनिवर्सिटी के फार्मा कॉन्क्लेव में राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी के प्रो. (डॉ.) हिमांशु चोपड़ा, आर.के. चौधरी, सौम्यदीप, कुलदीप एवं अविनाश मिश्रा आदि ने भी सहभागिता की।

# कुख्यात असद उर्फ फाती के भागे साथी पुलिस की पकड़ से दूर

## कई टीमें लगातार दूसरे राज्यों में दे रही हैं दबिश

## डेरों पर पहुंचकर कर रही है अपराधियों की तलाश

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** कुख्यात छै मार गिरोह के सरगना असद उर्फ फाती की पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के बाद फरार हुए उसके साथियों का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल रहा है। हालांकि पुलिस की टीमें राजस्थान, मध्यप्रदेश हरियाणा व पंजाब में उनकी तलाश करने में लगी हैं। कुख्यात छै मार गिरोह के सरगना एक लाख के इनामी असद उर्फ फाती की मौत के समय पुलिस पर गोलियां चलाने वाले उसके तीन साथी मौके से अंधेरे का फायदा उठाते हुए पुलिस की पकड़ से दूर हो गए। पुलिस को इस बात की आशंका है कि बदमाश राजस्थान, एमपी अथवा हरियाणा में भाग सकते हैं।

पुलिस की टीमें इन प्रांतों में घुमंतू लोगों के डेरों पर पहुंचकर लगातार भागे बदमाशों की तलाश कर रही हैं। तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को अभी तक उनका कोई सुराग नहीं लग सका है।

इस बात की आशंका है जिस तरह अखबारों में असद उर्फ फाती की पुलिस एनकाउंटर में हुई मौत की खबर लगने पर उसकी पत्नी व बहन आदि उसके शव के अंतिम संस्कार करने के लिए मथुरा आ गयी। इसी तरह मुठभेड़ में शामिल होने वाले शातिर अपराधियों को भी पुलिस की गतिविधियों की जानकारी लग गई हो और वह कुछ समय के लिए अंडर ग्राउंड हो गए हों। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही असद उर्फ फाती के साथियों को भी पुलिस गिरफ्तार कर लेगी।

# यूपी बोर्ड की परीक्षा शांति पूर्वक हुई समाप्त

## अंतिम दिन 590 ने दी प्रथम पाली में परीक्षा

## गुजराती विषय का कोई परीक्षा देने नहीं पहुंचा

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के अंतिम दिन हाईस्कूल गुजराती का एक पंजीकृत परीक्षार्थी परीक्षा देने के लिए नहीं पहुंचा। जबकि उर्दू के 26 परीक्षार्थियों में से 23 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। तीन अनुपस्थित रहे। इंटर वैकल्पिक विषयों में पंजीकृत 582 परीक्षार्थियों में से 567 ने परीक्षा दी और 15 अनुपस्थित रहे।

जिला मुख्यालय पर जीआईसी में बने बोर्ड परीक्षा के कंट्रोल रूम प्रभारी प्रधानाचार्य छीतर सिंह शास्त्री ने बताया कि आज प्रथम पाली में परिधान संरचना एवं सज्जा के पंजीकृत 54 परीक्षार्थियों में से 52 ने परीक्षा दी। दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बैंकिंग एवं कनफेक्शनरी की पंजीकृत 28 परीक्षार्थियों में से 27 ने परीक्षा दी और एक अनुपस्थित रहा।

टैक्सटाइल डिजाइन में 14 में से 13 परीक्षा देने पहुंचे और एक अनुपस्थित रहा। नर्सरी शिक्षण में सभी 17, बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कार्मिक की सभी 12, रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन की सभी 17, एकाउंटेंसी एवं अंकेक्षण की सभी 75, सहकारिता की सभी 50, टंकण हिन्दी एवं अंग्रेजी की सभी 131 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

# होली मिलन समारोह में उड़ा रंग और गुलाल



बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलाजी कॉलेज के चेयरमैन के साथ सभी शिक्षक।

**यूनिक समय, मथुरा।** बीएसए कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलाजी व एएसएम पालीटेक्निक के डॉ. सीवी रमन सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन मट्ठोमल अग्रवाल, निदेशक प्रोफेसर डॉ. श्याम सुन्दर अग्रवाल, एएसएम पालीटेक्निक निदेशक प्रोफेसर डॉ. लोकेन्द्र कुमार शर्मा, फार्मेसी निदेशक डॉ. राजेश कुमार सैनी, रजिस्ट्रार भगवान सिंह आदि उपस्थित थे।

कॉलेज के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल ने कहा कि यह पर्व हमें गिले शिकवे भुला कर एक हो जाने व सामाजिक भेदभाव मिटाने का संदेश देता है।

## बंदियों के पुनर्वास की नई पहल

# मुख्यधारा से जुड़ने की राह

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं नशा के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए ब्रह्मकुमारी के सचल ओडियो व वीडियो वाहन के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कारागार अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने बताया कि ब्रह्मकुमारी की बहनें जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों में जागरूकता लाने और उन्हें अपराध की दुनिया को छोड़ कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ने और नशे के दुष्प्रभावों से दूर रहने के लिए जागरूक करने के लिए जिला कारागार आई। उन्होंने बंदियों को जागरूक करने के लिए ओडियो, वीडियो वाहन से बंदियों को इन बुराइयों से दूर रहने के कार्यक्रम दिखाए। ब्रह्म कुमारी के संचालित वीडियो से बंदी बहुत प्रभावित हुए।

इस मौके पर चिकित्साधिकारी डॉ. उपेंद्र पाल सिंह सोलंकी, जेलर सुशील कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर रविंद्र कुमार, दुर्गेश प्रताप, अनूप कुमार, सुश्री करुणेश, सीएम तिवारी लेखा कार आदि उपस्थित थे।

# जली प्रेमिका ने अस्पताल में तोड़ा दम

## महिला के पति ने दर्ज कराई थाना फरह में रिपोर्ट

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना फरह के गांव कौह में प्रेमिका को ज्वलनशील पदार्थ डालकर जलाने वाले प्रेमी के खिलाफ फरह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। गंभीर रूप से जली प्रेमिका ने इलाज के दौरान आगरा में दम तोड़ दिया। घटना को लेकर गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है। गौरतलब है कि गांव कौह निवासी संजू की पत्नी रेखा कल घर पर अकेली थी। पति खेत पर काम करने के लिए गया था। दोनों बच्चे स्कूल में पढ़ने के लिए गए थे। उसका प्रेमी हसनपुर होडल हरियाणा निवासी उमेश उससे प्यार करता था। करीब पांच छह महीने पहले उमेश रेखा को भगा कर ले गया था। पुलिस ने इस मामले में रेखा को नैनीताल से बरामद किया था। इसके बाद से रेखा ने उससे बातचीत करना भी बंद कर दी थी। प्रेमी उमेश कल दोपहर को अकेला देख कर महिला के कपड़े पहनकर अंदर घुसा और रेखा पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा दी। आग से बुरी तरह जली रेखा के साथ उमेश भी झुलस गया। बाद में छत से कूद कर भागते उमेश को ग्रामीणों ने पीटकर अधमरा कर दिया। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रेखा की हालत चिंताजनक होने पर उसे आगरा के एसएन हास्पिटल भेज दिया गया था। बताया गया कि रेखा की उपचार के दौरान मौत हो गई। थाना प्रभारी फरह संजीव पांडेय ने बताया कि इस मामले मे संजू ने उमेश के खिलाफ थाना फरह में इस हृदय विदारक घटना को अंजाम देने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# प्रियाकान्तजु मंदिर पर कल होगी सतरंगी हाईड्रोलिक होली

**यूनिक समय, वृन्दावन।** ठाकुर श्री प्रियाकान्तजु मंदिर पर 13 मार्च को ब्रज की सम्पूर्ण सतरंगी होली मनायी जायेगी। मंदिर पर टेसू के फूलों को भिगोकर सुगंधित रंग तैयार किया जा रहा है। देवकीनंदन महाराज हाईड्रोलिक पिचकारी से श्रद्धालुओं पर रंगों की वर्षा करेंगे। मंदिर पर सात प्रकार की होली खेली जायेगी। हाईड्रोलिक होली की तैयारियाँ पूर्ण कर ली गयी हैं ।

# चोरी की कार बरामद, चोर गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** वृंदावन पुलिस ने कार चोरी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से वृंदावन से चोरी हुई कार चेकिंग के दौरान बरामद की है। पुलिस के अनुसार गौड़िया मठ के समीप खड़ी कार 9 मार्च को चोरी हो गई। कार मालिक ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि त्यागी, उप निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, कुमरपाल सिंह, शभांशु यादव और पुलिस टीम के साथ ललित आश्रम परिक्रमा मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच वहां से चोरी की कार लेकर गुजरते गौरव निवासी चंद्रसखी मौहल्ला केसीघाट वृंदावन को गिरफ्तार कर लिया।

# विवाहिता ने लगाई फांसी

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे के नटवर नगर इलाके में रहने वाली एक विवाहिता ने गृहक्लेश के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। बताया गया कि नटवर नगर निवासी कृष्ण गोपाल की पत्नी टीना ने बीती रात घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। रीना द्वारा फांसी लगाए जाने का पता लगने पर आस–पड़ोस के लोग एकत्रित हो गए। पुलिस को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने टीना के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। टीना की मौत का पता लगने पर उसके मायके के लोग भाई आदि भी आ गए। परिवार के लोगों का कहना है कि टीना ने इस तरह का कदम क्यों उठाया। इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

# फार्मेसी के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं




जीएलए विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में आयोजित फार्मा अन्वेशन कार्यक्रम के दौरान अतिथियों के साथ शिक्षक और छात्र।

## जीएलए के फार्मेसी विभाग में फार्मा अन्वेशन–25 कार्यक्रम में बोले अतिथि

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में फार्मा अन्वेशन–25 कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जीएलए के पूर्व उपकुलाधिपति प्रो. दुर्ग सिंह चौहान एवं विशिष्ट अतिथि सन फार्मा के डिप्टी जनरल मैनेजर सुनील जैन ने चिकित्सा के क्षेत्र में फार्मासिस्ट के महत्वपूर्ण योगदान के बारे में विचार रखे। प्रो. दुर्ग सिंह चौहान ने छात्रों को भारत में फार्मेसी शिक्षा के ऐतिहासिक विकास के बारे में बताया। फार्मेसी विभाग के निदेशक प्रो. आरोकिया बाबू ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए पीसीआई के अध्यक्ष डॉ. मोंटू पटेल द्वारा मनोनीत किए जाने पर जीएलए फार्मेसी विभाग की ओर से धन्यवाद दिया। उन्होंने छात्रों को फार्मेसी के जनक प्रो. एमएल सर्राफ के फार्मेसी के क्षेत्र में दिए हुए योगदान के बारे में जानकारी दी।

सन फार्मा के डिप्टी जनरल मैनेजर सुनील जैन ने सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज पर प्रकाश डाला। कहा कि आज के समय में छात्रों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञान होना अति आवश्यक है। फार्मेसी के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। फार्मेसी विभाग के निदेशक प्रो. आरोकिया बाबू ने बताया कि जीएलए में चल रहे फार्म डी कोर्स के छात्रों को हॉस्पिटल्स में चल रहे दवाओं की खोज के कार्यों में सहभागिता देने के लिए तैयार किया जाता है, जिससे वह 6 वर्ष के इस प्रोग्राम की डिग्री पाकर अपने नाम के आगे डॉ. लगा सकेंगे और मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स में रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। कुलपति प्रो. अनूप कुमार गुप्ता एवं कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर प्रो. आरोकिया बाबू ने मुख्य अतिथि का स्वागत स्मृति चिन्ह भेंट करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभाग के प्रोफेसर डॉ. सोनिया सिंह एवं डॉ. योगेश मूर्ति ने की।

# मथुराधीश के सानिध्य में बरसा आनन्द रस



भूतेश्वर रोड स्थित श्रीजी बाबा आश्रम में प्रतिष्ठित श्री मथुराधीश प्रभु के सामने आयोजित फाग महोत्सव में नृत्य करते भक्त।

**यूनिक समय, मथुरा।** भूतेश्वर रोड स्थित श्रीजी बाबा आश्रम में प्रतिष्ठित श्री मथुराधीश प्रभु का फाग महोत्सव मनाया गया। होली के रसियों के गायनों की धुनों पर जमकर भक्तों ने नृत्य किया। पुष्टिमार्गीय परंपरानुसार महंत राधाकांत गोस्वामी व आचार्य रमाकांत गोस्वामी के निर्देशन में होली के पदों का शास्त्रीय संगीत में गायन हुआ। ठाकुर जी को बगीचे में विराजमान कर मधुसूदन गोस्वामी ने मनोहारी श्रृंगार किया और प्रभु को पुष्प, गुलाल व रंगों से होली खिलाई गई। समस्त भक्त आनंदित होते हुए नृत्य करते हुए रंगों से सराबोर हो गए। इस अवसर पर आचार्य रुक्मिणी कांत, मुकुंद गोस्वामी, श्रीवल्लभ गोस्वामी, श्रीकांत भंडारी, पंडित अमित भारद्वाज, राघव आचार्य राम शास्त्री, वल्लभ आचार्य, प्रद्युम्न आचार्य, सुधुम्न आचार्य, आचार्य संजीव कृष्ण शास्त्री, राजेंद्र आचार्य, रामकुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में ब्रजवासियों व भक्तों ने फाग महोत्सव का आनंद लिया।

# तमंचा धारी गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** शेरगढ़ पुलिस ने एक अभियुक्त को देशी तमंचा कारतूस रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त का नाम पैगांव अड्डे के समीप से आसिफ निवासी विशंभरा है।

# जीएलए के बायोटेक विभाग में हुआ अतिथि व्याख्यान

**यूनिक समय, मथुरा।** जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा के जैव प्रौद्योगिकी विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। "जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों के समाधान के लिए जीवाणुओं और मच्छरों के आणविक कोड का भारतीय वैदिक विज्ञान के साथ एकीकरण और अनुवाद" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने रोचक और संवादात्मक व्याख्यान दिया। मुख्य वक्ता आईसीएमआर–एनआईएमआर, नई दिल्ली के वैज्ञानिक ई, डॉ. रजनीकांत दीक्षित ने वर्तमान आधुनिक सदी में मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों को बनाए रखने में वैदिक विज्ञान और पारंपरिक ज्ञान कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं, इस पर एक बहुत ही रोचक और इंटरेक्टिव व्याख्यान दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. शूरवीर सिंह ने डॉ. दीक्षित को जीएलए विश्वविद्यालय में आने और एक अदभुत व्याख्यान देने के लिए उनका स्वागत और अभिनंदन किया। अतिथि व्याख्यान का संचालन विभाग के प्रो. डॉ. आलोक भारद्वाज एवं डॉ. माया दत्त जोशी ने किया।

# द्वारकाधीश ने भक्तों के साथ खेली होली




द्वारकाधीश मंदिर में सजाए गए बगीचे के दौरान भक्तों को दर्शन देते प्रभु द्वारकानाथ।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** द्वारकाधीश मंदिर में दो दिन से प्रभु द्वारकानाथ बगीचे में विराजमान होकर अपने भक्तों के साथ होली खेल रहे हैं।

द्वारकाधीश मंदिर के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट ने बताया कि पूर्णमासी के दिन से चल रहे होली के कार्यक्रमों में ठाकुर राजाधिराज ने विगत महीने से पिचकारी से होली खेली और उसी दिन से भक्तों को अपनी प्रसादी से सराबोर करना प्रारंभ हुआ।

उन्होंने बताया कि बुधवार को दोपहर 1:00 बजे से 2:30 बजे तक बगीचे में विराजमान होकर प्रभु ने होली खेली। जिसे देखकर भक्त आनंदित हो उठे। उन्होंने बताया कि सायंकाल 4:30 से 5:00 बजे शयन के दर्शन हुए। कल गुरुवार को सभी दर्शन नियमित रूप से खुलेंगे और होली के दर्शन प्रातः काल 10:00 बजे से 11:00 बजे तक होंगे। होली मनोरथ के दौरान आज दर्शन करने के लिए फिल्म अभिनेता विद्युत जामवाल आए।



कमांडो फिल्म के हीरो विद्युत जामवाल के साथ मंदिर के मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी।

मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी ने उनको मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी दी।

# होली पर नहीं होगी किसी को परेशानी : नगर आयुक्त

मुख्य संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** होली मनाने के लिए देश- विदेश से आए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नगर निगम के नगर आयुक्त शशांक चौधरी अपनी नगर निगम की टीम के साथ बुधवार को शहर के प्रमुख मंदिरों के आसपास की सफाई के लिए 24 घंटे के लिए अलग-अलग टोली में सफाई कर्मचारियों की डयूटी लगाई ।



निगम के सभी कार्यों पर निगरानी के लिए अलग-अलग जोन के अपर नगर आयुक्त भी व्यवस्थाएं संभाले हुए हैं।

नगर आयुक्त ने बताया कि शहर की सफाई के लिए 300 के करीब सफाई कर्मचारी लगाए गए हैं। साथ ही परिक्रमा मार्ग में आवारा पशुओं को रोकने के लिए एक अलग से टीम लगाई गयी है।

नगर के विद्यापीठ चौराहा, अटल्ला चुंगी एवं हरी निकुंज के आसपास रोशनी और चूना छिड़काव, पेयजल आदि समस्याओं के लिए अपर नगर आयुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी श्रद्धालुओं को कोई भी समस्या नहीं होनी चाहिए।

# होली मिलन समारोह 16 को, होगा 101 विप्रो का सम्मान



**यूनिक समय, मथुरा।** सर्वोदयी ब्राह्मण विकास संस्थान की बैठक प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव में संस्थान अध्यक्ष सोहनलाल शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें 16 मार्च को सायं 5:00 बजे चित्रकूट मसानी पर आयोजित होली मिलन समारोह के बारे में विचार विमर्श किया। इस मौके पर 101 वृद्ध जनों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में दिवाकर आचार्य, दिनेश चंद शर्मा, बिहारी लाल गोस्वामी, घनश्याम हरियाणा, दीपक शर्मा, सुरेंद्र मुकुट वाले, भगवान साहू, कन्हैया लाल शर्मा तथा गोविंद सजावट लोग आदि उपस्थित थे।

# श्री अग्रबंधु सेवा मंडल ने बच्चों के साथ मनाई होली



होली मिलन समारोह में बच्चों के साथ श्री अग्रबंधु सेवा मंडल के पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री अग्रबंधु सेवा मंडल ने कल्याण करोति संस्था परिसर में बच्चों के साथ होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडल के संरक्षक विजय बंटा सर्राफ, डॉ. अशोक अग्रवाल, योगेन्द्र गोयल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, रोहित अग्रवाल एवं दीपक सिंघल ने किया। बच्चों ने होली के गीतों पर अपनी प्रस्तुति से लोगों का मनमोह लिया। साथ ही पूर्व अध्यक्ष गौरहरि अग्रवाल, सोनू को ब्रज प्रदेश का मंत्री चुना गया। इस मौके पर चिराग अग्रवाल, साकेत बाबू अग्रवाल, माधव गर्ग, विपुल गर्ग, मौसम अग्रवाल, विनोद अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, रोहित महावन, विकास शोरा वाला एवं सिद्धार्थ जैन आदि उपस्थित थे।

# रास तो जीव के नारायण से मिलन की कथा है

**यूनिक समय, वृंदावन।** राधा निवास क्षेत्र स्थित श्री श्यामा श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में चल रहे 11 दिवसीय रंगारंग महोत्सव अंतर्गत आयोजित श्रीमदभागवत कथा में व्यास पीठ से प्रथमेश लाल गोस्वामी ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन किया। कहा कि रास तो जीव के नारायण से मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। गोपी गीत पर बोलते हुए उन्होंने कहा जब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाता है। लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में रोता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वह नारायण से दूर रह ही नही सकती। कथा में गायत्री गोस्वामी, मीनाक्षी गोस्वामी, राधिका गोस्वामी, सुनील कामिनी नारंग, संजीव ग्रोवर, सतीश मधु नागपाल, अशोक प्रीति बहल, रवि वंदना बहल आदि उपस्थित थे।



# बड़े दाऊजी महाराज का हुरंगा 15 मार्च को

**यूनिक समय, वृंदावन।** अनाज मंडी स्थित बड़े दाऊजी मंदिर में दाऊजी का हुरंगा मनाया जाएगा। मंदिर के सेवायत दीपक गोस्वामी ने बताया कि 15 मार्च को दोपहर एक बजे से प्राचीन हुरंगा निकलेगा। इसमें हुरियारे और हुरियारिन लट्ठ मार होली खेलते हैं। इसी के साथ दाऊजी महाराज की शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर बनखंडी महादेव लोई बाजार प्रताप बाजार से गोविंद देव मंदिर चुंगी चौराहा होती हुई मंदिर पर समाप्त होगी। इस मौके पर विष्णु गोपाल गोस्वामी, धीरज गोस्वामी, जगन्नाथ पोद्दार, राजू बृजवासी, राजेश अग्रवाल, भाव सिंह, वीरेंद्र सिंह, जतिन ठाकुर एवं अनंत गोस्वामी आदि उपस्थित थे।



प्राथमिक विद्यालय लालपुर में राधाकृष्ण स्वरूप बने बच्चे शिक्षकों के साथ।

# राधा कृष्ण स्वरूप बनकर बच्चों ने मनाई होली....

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्लॉक गोवर्धन अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय लालपुर में एआरपी अविनाश शुक्ला, राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त नरेन्द्र चौधरी और सहायक अध्यापक रेखा रानी के निर्देशन में कक्षा तीन और पांच के विद्यार्थियों ने श्री राधा कृष्ण एवं हुरियारों के स्वरूपों में फूलों और गुलाल से होली खेलकर होली पर्व का आनंद लिया।

# प्रथम पहल फाउंडेशन ने होली मिलन समारोह मनाया




**यूनिक समय, मथुरा।** प्रथम पहल फाउंडेशन द्वारा होली मिलन समारोह के अवसर पर रंगारंग, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, राधा-कृष्ण नृत्य, भव्य लीलाएँ और फूलों की होली, झलकियाँ के साथ ही होली के रसिया भी गाए गए। जिसका शुभारंभ महामंडलेश्वर योगी श्री नवलगिरि महाराज ने गणेश की प्रतिमा पर दीपप्रज्जवलित कर किया। साथ ही दिव्यता का साक्षात्कार भी कराया। रविकांत गर्ग, भगवत शरण अग्रवाल, राम प्रकाश बिंदल, जयंती प्रसाद अग्रवाल, डॉ अशोक अग्रवाल, प्रमोद गर्ग कसेरे, महेश चंद अग्रवाल कसेरे, डॉ सिंधु मांगलिक, गोवर्धन दास अग्रवाल, श्याम सुंदर अग्रवाल, कन्हैया लाल बंसल, रामनिवास अग्रवाल, मुकेश खंडेलवाल, अमृत लाल खंडेलवाल, सीए अमित अग्रवाल, प्रभात कुमार अग्रवाल, योगेश गोयल, पंकज टालीवाल, डॉ चंद्र मोहन अग्रवाल, चंद्रमोहन अग्रवाल, अनुपम शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, डॉ सत्यमित्र, डॉ संदीप चावन, डॉ गौरव अग्रवाल, डॉ डीडी गर्ग, गजानंद अग्रवाल, कैलाश चंद अग्रवाल, चरण दयाल अग्रवाल, अमित मित्तल, पंकज गुप्ता, मनीष शोरावाला, योगेश, रुपेश अग्रवाल, सुनील अग्रवाल , संजय अग्रवाल, सोलन अग्रवाल, हरीश बाली, नारायण हरि गोयल, मदन मोहन अग्रवाल, धीरेंद्र बंसल, प्रियेश अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, योगेश बंसल, डॉ सी एम पावर, डॉ सिद्धार्थ धनगर, अनुज अग्रवाल, प्रिया टालीवाल, मोनम अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, अमिता अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल आदि मातृ शक्ति ने दीपप्रज्वलन कर किया कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सुरेश चंद्र बंसल, मनीष अग्रवाल, अनूप कुमार माहेश्वरी, दीनदयाल अग्रवाल, राजीव कुमार अग्रवाल, सुनील कौशिक, सुभाष चंद्र, कृष्ण मुरारी, डॉ अतुल राठौर, श्याम खंडेलवाल, सुनील कुमार, राहुल अग्रवाल, अभयजीत अग्रवाल, सोनेश अग्रवाल, राजेंद्र कामेवाल, गोपाल बंसल, धर्मचंद्र अग्रवाल, अनिल गर्ग, नवलकिशोर, दीपक अग्रवाल, अमित गोयल, माधव अग्रवाल, तनुज जिंदल, संजय मित्तल, सचिन अग्रवाल, विवेक भार्गव, संदीप अग्रवाल, चंद्रपाल सिंह निषाद, मनोज सर्राफ, निर्देश अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, रोहित मित्तल, मयंक अरोरा, सुनील अग्रवाल कनुआ, आकाश बिंदल, प्रवीण कुमार, त्रिलोकी नाथ बंसल, हरीश अग्रवाल, विजय कुमार कागजी, विजय बंसल सराफ, शशि कपूर, आशीष चतुर्वेदी, मुकेश चतुर्वेदी आदि लोग मौजूद थे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मथुरा

पत्रांक : 1451/निविदा सूचना/2024-25 दिनांक- 11-03-25

**निविदा सूचना**

विधानमंडल क्षेत्र विकास निधि वर्ष 2024-25 के अंतर्गत मा. विधायक विधानसभा क्षेत्र गोवर्धन श्री मेघश्याम सिंह जी की संस्तुति एवं धनराशि उपलब्धा के क्रम में शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्यो हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 11.03.2025 से 25.03.25 तक कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर निम्न कार्यो हेतु निविदा प्राप्त कर सकते है। निविदा दिनांक 26.03.2025 को 2.00 बजे निविददाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | स्वीकृत धनराशि | टेंडर मूल्य | धरोधर राशि 2 प्रतिशत | कार्य पूर्ण की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम बाद वि. ख.-मथुरा में छिगा भंगतजी के मकान से श्याम सिंह के मकान की ओर तक इ.ला. निर्माण कार्य लं. 116 मी.। | 9.929 | 1000 | 20000 | 3 माह |
| 02 | ग्राम पंचायत नगला बोहरा, वि.खं. में हाकिम के घर से सहदेव के घर तक इ.ला. निर्माण कार्य, लं. 194 मी. । | 9.996 | 1000 | 20000 | 3 माह |

**नियम व शर्तें :** 1. निविदा जमा करते समय 2 प्रतिशत की धरोहर की धनराशि का एर्फ. डी. आर. एन.एस.सी. जो अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बंधक हो सलग्न करना अनिवार्य है शेष निविदा स्वीकृत होने पर 8 प्रतिशत एफ. डी. आर./एन.एस.सी. उपलब्ध करानी होगी। 3. अधोहस्ताक्षरी को निविदा बिना किसी कारण निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। 4. ठेकेदारों के देयकों से आयकर/जी.एस.टी., सैस, रायल्टी एवं अन्य कटौतियां नियमानुसार की जायेंगी। 5. निविदा के साथ 100.00 रु. के स्टाम्प पेपर पर रु. 1.00 की रेसीदी टिकट के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। 6. कार्य की मात्रा एवं धनराशि में कमी अथवा वृद्धि हो सकती है। 7. आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता एवं मानक उच्चकोटि की होनी चाहिये। 8. किसी भी विवाद हेतु जनपद न्यायालय मथुरा ही हो।

**खण्ड विकास अधिकारी, मथुरा।**

## सम्पादकीय

# स्वास्थ्य बीमा की मनमानी शर्तों पर लगे अंकुश

बीमा शब्द वैसे तो सुरक्षा का बोध कराता है। ऐसा शब्द जिससे हमें सेहत से लेकर भविष्य सुरक्षित रखने तक की बातें जेहन में आती हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि बीमा की सुरक्षा एक हद तक लोगों को कई संकटों में राहत देने का काम करती है। खासतौर से सेहत के मामले में यदि स्वास्थ्य बीमा कराया हुआ हो। सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं की अपनी सीमाएं हैं इसीलिए लोग स्वास्थ्य को लेकर अतिरिक्त सुरक्षा कवच दूसरे बीमा के रूप में भी लेना पसंद करने लगे हैं। लेकिन यही सुरक्षा कवच जब बीमा नियमों की जटिलताओं में उलझता दिखे तो बीमा कराने वाला खुद को ठगा सा महसूस करता है।



पवन गौतम
संपादक

ऐसा नहीं कि स्वास्थ्य बीमा करने वाली सभी बीमा कंपनियों का आचरण एक जैसा होता हो लेकिन जिस तरह के मामले आए दिन सामने आते हैं उससे लगता है कि स्वास्थ्य बीमा कराने वाले को अब वकील या चार्टर्ड अकाउंटेंट का सहारा लेना चाहिए! छत्तीसगढ़ में रायपुर के एक ताजा मामले ने सबका ध्यान खींचा है। बीमा कंपनी ने एक उपभोक्ता का स्वास्थ्य बीमा क्लेम यह कहकर रोक दिया कि कोविड के समय उसे अस्पताल में दाखिल होने की जरूरत नहीं थी। वह होम क्वारंटाइन होकर ही इलाज करा सकता था। जबकि बीमित व्यक्ति के बीमा में कोविड कवर भी था। उपभोक्ता फोरम में पहुंचने पर अब मरीज को राहत मिली है। सब जानते हैं कि कोविड का दौर आपातकालीन था। यदि शासन व डॉक्टर ने ही मरीज को होम क्वारंटाइन की अनुमति नहीं दी हो तो उपभोक्ता भला स्वयं कैसे फैसला कर सकता है? चिंता इसी बात की है कि बीमा कंपनियां बेवजह मरीजों का क्लेम अटकाने में जुट जाती हैं। बीमा कराने के पहले कंपनियां यह ताकीद जरूर करती है कि सभी दस्तावेजों को पहले ध्यान से पढ़ें।

दस्तावेजों की सख्या और उसकी इबारत आम आदमी के तो शायद ही समझ में आए। यह ऐसी होती है कि आम उपभोक्ता समझ ही नहीं सकता। बहुत से मामलों में देखने में आया है कि कंपनियां अजीब–अजीब शर्तों में उलझाकर क्लेम या तो रोक देती है या फिर क्लेम सेटलमेंट करते वक्त कई मदों का बोझ बीमित की जेब पर डाल देती है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या हैरान–परेशान लोग बीमा कंपनियों की मनमानी के खिलाफ बीमा लोकपाल, बीमा नियामक, उपभोक्ता फोरम और कोर्ट के ही चक्कर काटने को मजबूर होते रहेंगे?

जब दुनियाभर में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं पर बहस छिड़ी है, सरकारें विभिन्न कल्याण योजनाएं चला रही हैं। ऐसे में बीमा कंपनियों की मनमानी रोकने के लिए भी सरकारी स्तर पर ठोस कदम उठाए जाने चाहिए।

## नजरिया

# आर्थिकी के जरिए नेतृत्व स्थापित करने की कोशिश

उमेश चतुर्वेदी

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में मध्य प्रदेश सरकार को कुल 26 लाख 61 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से देश के दूसरे नंबर के बड़े कारोबारी और उद्योगपति समूह अडानी की ओर से अकेले दो लाख दस हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिला।



रीगन–थैचर थ्योरी वाली अर्थव्यवस्था आज वैश्विक स्तर पर स्वीकार्य हो गई है। राजकाज में अर्थव्यवस्था का महत्व हमेशा से रहा है, लेकिन उदारीकरण के दौर में अर्थव्यवस्था राजनीति का केंद्रीय विषय बन गया है। ऐसे माहौल में राजनीतिक कामयाबी की शर्त के लिए बेहतर आर्थिकी ना होती तो ही हैरत होती। शायद यही वजह है कि अब राजनीति चाहे किसी भी विचारधारा वाली क्यों न हो, सत्ता में आने के बाद उसकी प्राथमिकता आर्थिकी को सुधारने और अपने लिए ज्यादा से ज्यादा निवेश हासिल करना हो गई है। इस दौर में जितना ज्यादा निवेश आकर्षित हुआ, राजनीतिक कामयाबी की संभावना उतनी ही बढ़ जाती है। इन संदर्भों में कह सकते हैं कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव अपने नेतृत्व को राज्य में स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ते नजर आ रहे हैं। साल 2023 के विधानसभा चुनावों के बाद बीजेपी ने मध्य प्रदेश की कमान मोहन यादव को जब सौंपी थी, तब उनकी पहचान राज्य से बाहर कम ही थी। जनसंख्या के लिहाज से पांचवां और क्षेत्रफल के लिहाज से दूसरे बड़े राज्य मध्य प्रदेश की बीजेपी में दिग्गज नेताओं की भरमार थी। बेशक मोहन यादव मुख्यमंत्री बनने से पहले शिवराज सरकार में शिक्षा मंत्री के रूप में काम कर रहे थे, लेकिन राज्य के बाहर उनकी बड़ी पहचान नहीं थी। लेकिन बीते 25 और 26 फरवरी को राज्य की राजधानी भोपाल में सफल ग्लोबल इन्वेस्टर मीट के आयोजन और उसमें मिले भारी–भरकम निवेश प्रस्तावों के बाद उनका कद बढ़ना स्वाभाविक है।

मध्य प्रदेश सरकार की ओर से आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में मध्य प्रदेश सरकार को कुल 26 लाख 61 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले, जिनमें से देश के दूसरे नंबर के बड़े कारोबारी और उद्योपति समूह अडानी की ओर से अकेले दो लाख दस हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव मिला। मध्य प्रदेश जैसे बहुरंगी राज्य में भारीभरकम निवेश का प्रस्ताव आना स्वाभाविक भी है। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के पहले संभाग स्तर पर भी मध्य प्रदेश सरकार निवेशकों को आमंत्रित करती रही। उसमें भी उसे करीब चार लाख करोड़ के प्रस्ताव मिले। अगर से प्रस्ताव पूरी तरह से शत–प्रतिशत अंदाज में लागू हुए तो उम्मीद की जा रही है कि इससे राज्य में सीधे तौर 17 लाख 34 हजार रोजगार पैदा होंगे, जबकि उससे जुड़ी गतिविधियों से राज्य की अर्थव्यवस्था को और गति मिलेगी और दूसरे छोटे कारोबार भी बढ़ेंगे, जिनसे आखिरकार दूसरे तरह के रोजगार भी बढ़ेंगे।

मध्य प्रदेश में पिछले दस साल के निवेश प्रस्तावों के कार्यान्वयन के आंकड़ों को देखें तो पहले पांच साल में प्रस्तावों के दस प्रतिशत निवेश का ही जमीनी क्रियान्वयन हो पाया है। मध्य प्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शर्मा बीते पांच सालों के निवेश प्रस्तावों का अध्ययन किया है। उनके मुताबिक, तब भी मध्य प्रदेश की सरकारें निवेश प्रस्तावों के लिए प्रयासरत रहीं और तब जितने निवेश प्रस्ताव मिले, उनमें से करीब चौदह से सोलह प्रतिशत सालाना ही जमीनी हकीकत बन पाए। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में यह सवाल मध्य प्रदेश के मुख्यसचिव अनुराग जैन के सामने उठा भी। अनुराग जैन के अनुसार, यह मसला राज्य सरकार की जानकारी में भी है। इसलिए जिलावार ऐसे प्रस्तावों को साप्ताहिक स्तर पर समीक्षा करने और उसे जमीनी हकीकत बनाने की तैयारी की गई है। जिला अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके जिले के लिए जो भी प्रस्ताव आए हैं, उन्हें जमीनी हकीकत बनाने, निवेशकों को जरूरी वैधानिक जरूरतों को पूरा करने की कोशिश उनके स्तर पर ही होनी चाहिए। मध्य प्रदेश के मुख्यसचिव के स्तर पर निवेश प्रस्तावों पर मासिक रूप से समीक्षा की जाएगी।

आधुनिक आर्थिकी का फॉर्मूला है कि अगर एक रूपया कारोबारी अर्थव्यवस्था में डाला जाता है तो वह चार रूपए की आर्थिकी में तबदील होता है और वही रूपया अगर खेती–किसानी में जाता है तो खेती–किसानी की आर्थिकी में वह साढ़े तीन गुना की आर्थिकी बनाता है। मध्य प्रदेश के निवेश प्रस्तावों को इस फॉर्मूले के नजरिए से भी बेहद उम्मीद से देखा जा रहा है।

मध्य प्रदेश पिछले एक दशक से बड़े राज्यों में तेजी से विकसित होने वाला राज्य है। छोटे राज्यों में यह हैसियत सिक्किम को हासिल है। मध्य प्रदेश को सबसे ज्यादा करीब आठ लाख 616 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव औद्योगिक नीति और निवेश विभाग को मिले हैं, जबकि दूसरे स्थान पर करीब पांच लाख 72 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव नवीकरण ऊर्जा के क्षेत्र के लिए मिले हैं। मध्य प्रदेश की जैसी स्थिति है, उसकी वजह से अगर ये निवेश प्रस्ताव जमीनी हकीकत बने तो आने वाले दिनों में यह राज्य नवीन ऊर्जा का केंद्र बन जाएगा।

निवेश प्रस्तावों की चर्चा करते वक्त हमें पिछली सदी के आखिरी वर्षों को भी याद कर लेना चाहिए। जब केंद्र में वाजपेयी सरकार थी तो उसने उदारीकरण के अगले चरण की शुरुआत की थी। इसके तहत अर्थव्यवस्था में एफडीआई का जोर बढ़ा। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हासिल करने के लिए राज्य सरकारों में होड़ मची। केंद्रीय स्तर पर भी तेज प्रयास हो रहे थे, लेकिन राज्यों में भी होड़ मची। तब वामपंथ शासित पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा के साथ ही बिहार जैसे राज्यों ने एफडीआई में अपनी नीतियों के चलते दिलचस्पी नहीं दिखाई या फिर कानून–व्यवस्था की स्थिति के चलते निवेशक वहां आने से हिचकते रहे। बाद के दिनों में पश्चिम बंगाल की बुद्धदेव भट्टाचार्य सरकार ने पश्चिम बंगाल में तेजी से निवेश करने की कोशिश की तो वहां की राजनीति में भूचाल आ गया। राज्य की मौजूदा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ताजपोशी उसी भूचाल का नतीजा कही जा सकती है। यह बात और है कि अब पश्चिम बंगाल में भी कहा जाने लगा है कि अगर बुद्धदेव भट्टाचार्य की निवेश कोशिशें परवान चढ़तीं और राजनीति नहीं होती तो पश्चिम बंगाल की आर्थिक स्थिति कुछ और होती। बंगाल के सिंगूर प्रोजेक्ट को ही गुजरात में सफलता पूर्वक ले जाकर और उसे स्थापित करने के बाद नरेंद्र मोदी ने विकास के गुजरात मॉडल का फॉर्मूला पेश किया और देखते ही देखते आर्थिक सफलता के साथ वे राजनीति की सीढ़ियों पर चढ़ते चले गए।

मध्य प्रदेश में भी कुछ उसी अंदाज में निवेश की उम्मीद जताई जा रही है और माना जा रहा है कि अगर ये निवेश सफल हुए तो मध्य प्रदेश की छवि औद्योगिक और कारोबारी राज्य के रूप में उभरेगी। अगर ऐसा होता तो मोहन यादव का नेतृत्व मध्य प्रदेश में नए रूप में उभर सकता है। दिग्गजों से भरी मध्य प्रदेश बीजेपी के अंदरूनी प्रभामंडल में बीजेपी के नए और मजबूत चेहरे के रूप में मोहन यादव स्थापित हो सकते हैं। लेकिन अगर निवेश प्रस्ताव नाकाम हुए, अगर वे पूरी तरह जमीनी स्तर पर नहीं उतरे तो तय है कि इससे राज्य प्रशासन और सरकार की किरकिरी होगी, इसका असर मोहन यादव की राजनीति पर भी पड़ सकता है। इसलिए जरूरी है कि वे इसे पूरा करें। आज की राजनीति जिस मुकाम पर पहुंच चुकी है, उसमें विपक्ष हर मामले में सिर्फ मुखालफत करता ही नजर आता है। लेकिन दिलचस्प यह है कि ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर मध्य प्रदेश के विपक्षी खेमे से कोई आवाज अभी तक नहीं उठी है। मोटे तौर पर मान सकते हैं कि इस समिट की वजह से उसे भी कम से कम अपने राज्य के लिए उम्मीद है। अब देखना यह होगा कि मोहन यादव की अगुवाई वाली सरकार इसे किस हद तक जमीनी हकीकत बना पाती है।

## विचार विण्डो

# अमेरिका की खनिजों को लेकर साम्राज्यवादी सोच

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

अभी पिछले दिनों ही ट्रम्प ने कनाडा को अमेरिका 51 वां राज्य कहकर संबोधित किया है। उधर कनाड़ा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो साफ साफ कह चुके हैं कि अमेरिका की नजर कनाड़ा की खनिज संपदा पर है और वह कनाड़ा को अमेरिका का 51वां राज्य बनने के लिए दबाव बनाये हुए हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नजर अब दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों की और है। ट्रम्प का यह अब यह छिपा एजेण्डा भी नहीं रहा क्योंकि यूक्रेन को सहायता के बदले उसकी खनिज संपदा के प्रबंधन का जिम्मा अमेरिका लेने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर लगातार दबाव ड़ाल रहे हैं। यूक्रेन 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका के साथ समझौता करने को भी लगभग तैयार हो गया पर पिछले दिनों जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रम्प और जेलेंस्की में जिस तरह की कड़बाहट भरी नोकझोंक हुई है उसने इस डील को फिलहाल तो कमजोर कर दिया है। हांलाकि यूक्रेन के जेलेंस्की ने यूरोप यात्रा के दौरान राष्ट्रहित में अमेरिका के साथ समझौता करने पर लगभग सहमति वाली बात कही है। उधर रूस नहीं चाहता कि इस तरह का कोई समझौता अमेरिका व रूस के बीच हो, यही कारण है कि रूस ने भी रुस की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका से समझौते के लिए खुला निमंत्रण दे दिया है। दरअसल अमेरिका स्वय खनिज संपदा संपन्न देष है। इसके साथ ही खनिज संपदा के मामलें में देखा जाए तो अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है। इसके साथ ही अमेरिका खनिजों खासतौर से दुर्लभ खनिजों के मामलें में चीन का बर्चस्व चीन पर निर्भरता खत्म या यों कहे कम करना चाहता है। इसी कारण से दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों पर ट्रम्प की ललचाई नजर साफ दिखाई दे रही है।

अभी पिछले दिनों ही ट्रम्प ने कनाडा को अमेरिका 51 वां राज्य कहकर संबोधित किया है। उधर कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो साफ साफ कह चुके हैं कि अमेरिका की नजर कनाड़ा की खनिज संपदा पर है और वह कनाड़ा को अमेरिका का 51वां राज्य बनने के लिए दबाव बनाये हुए हैं। हांलाकि जस्टिन ट्रूडो इसको ट्रम्प का दिवा स्वप्न ही बता रहे हैं। उधर अमेरिका एन केन प्रकारेण अफगानिस्तान में प्रवेश करना चाहता है जहां की खनिज संपदा को वह हथिया सके। हांलाकि तालिबानियों के रहते फिलहाल तो ऐसा संभव नहीं लग रहा है। यह दूसरी बात है कि अमेरिका–रूस के बीच बन रहे नए समीकरणों का भविष्य क्या रहता है? इस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। देखा जाए तो अर्वाचिन काल से ही खनिज संपदा का अपना महत्व रहा है। पर इलेक्ट्रोनिक युग में दुनिया के देशों के लिए खनिज संपदा का महत्व और मांग तेजी से बढ़ गई है। आज विकास की परिकल्पना को खनिजों की उपलब्धता के आधार पर ही साकार किया जा सकता है। नए युग की आवश्यकताओं की पूर्ति इन रेयर खनिजों से ही संभव हो पा रही है। एक समय था जब सोना, चांदी, तांबा आदि की और अधिक ध्यान केन्द्रित होता था आज उसका स्थान दुर्लभतम खनिज लेते जा रहे हैं। इसका कारण भी साफ है। ऊर्जा के क्षेत्र में लगभग 90 प्रतिशत, औद्योगिक क्षेत्र में करीब 80 प्रतिशत, कृषि क्षेत्र में 70 प्रतिशत तक कच्चे माल या सहायक के रूप में भूगर्भ की खनिज संपदा की भागीदारी है। आज दुनिया के 90 प्रतिशत रेयर अर्थ पर चीन की मोनोपोली है। दुनिया में खनिज संपदा के क्षेत्र में चीन शीर्ष पर है। चीन में 4.6 बिलियन टन प्रतिवर्ष, दूसरे नंबर में अमेरिका 2.2 बिलियन टन, तीसरे नंबर पर रूस 1.7 बिलियन टन और चौथे नंबर पर आस्ट्रेलिया 1.4 बिलियन टन सालान खनिज संपदा का उत्पादन कर रहे हैं। चीन की संपन्नता का इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि दूसरे नंबर के अमेरिका की तुलना में चीन में लगभग दो गुणा अधिक खनिज संपदा का उत्पादन हो रहा है।

कनाड़ा और ये यूक्रेन के प्रति अमेरिकी नीति से यह साफ हो जाता है। अमेरिका यूक्रेन की रेयर अर्थ एलिमेंट संपदा के नियंत्रण के माध्यम से खनिजों के क्षेत्र में चीन को पीछे छोड़कर स्वयं का नियंत्रण बनाना चाहता है। कनाड़ा में भी सोना, चांदी, निकल, तांबा, यूरेनियम, पोटाश, कोबाल्ट, हीरा आदि के प्रचुर भण्डार है तो यूक्रेन में भी रेयर खनिजों के भण्डार धरती के गर्भ में समाये हुए हैं। यूक्रेन में ग्रेफाइट, लिथियम, आदि रेयर अर्थ के भण्डार है। लिथियम के 19 मिलियन टन भण्डार होने के साथ ही विष्व के प्रमुख पांच ग्रेफाइट उत्पादक देशों में यूक्रेन है। यूक्रेन में आरईई के 17 तत्वों के समूहों वाले खनिजों में से बहुतायत में भण्डार है। अफगानिस्तान के साथ अमेरिका 2017 में समझौता कर चुका है पर तालिबान के प्रवेश के कारण अमेरिका का सपना अधूरा रह गया। हांलाकि 2021 में भी अफगानिस्तान से समझौते की पहल अमेरिका से कर चुका है। अभी भी अमेरिका की अफगानिस्तान की खनिज संपदा पर पूरी नजर है और अमेरिकी–रूस नजदीकी के प्रयास इस दिशा में आगे बढ़ेंगे। यह साफ है कि आज रिचार्जेबल बेटरी, मोबाईल, कम्प्यूटर चिप, हवाई जहाज के उपकरणों में उपयोग होने वालों के साथ ही ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपयोग के खनिज भण्डार है। दुनिया के देश आज कच्चे माल के रुप में चीन पर निर्भर है। चीन पर निर्भरता कम करने के साथ ही अमेरिका अपना वर्चस्व बनाने के लिए संभावित सभी देशों पर योजनाबद्ध तरीके से दबाव बना रहा है ताकि बदलती औद्योगिक सिनेरियों में अमेरिका की तूंती और अधिक तेजी से बज सके और अन्य देश अमेरिका पर निर्भर हो सके। अमेरिका खनिज संपदा का आर्थिक सामाजिक और औद्योगिक विकास का प्रमुख आधार बनाना चाहता है और इस तरह से वह अपना वर्चस्व कायम करने के लिए योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहा है।

# सही पोषण, मजबूत हड्डियां, बच्चों को दें ये हेल्दी जूस !



**यूनिक समय, मथुरा।** बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए उनका खानपान अहम रोल निभाता है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि बच्चों को पर्याप्त प्रोटीन और पोषक तत्वों से युक्त भोजना देना चाहिए। गर्मियों के मौसम में जूस भी बच्चों की डाइट में शामिल करना चाहिए। इनमें से ही एक जूस अनानास का है। अनानास का जूस बच्चों की सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है।

ओनली माय हेल्थ के अनुसार, 6 महीने के बाद आप बच्चे को जूस पिला सकते हैं।

अगर अनानास के जूस के सेवन से बच्चे को दस्त होने लगे या उसकी त्वचा पर चक्कते हो जाएं, तो समझ जाएं कि उसे अनानास से एलर्जी है। ऐसी स्थिति में आपको डॉक्टर की सलाह लें।

अनानास का जूस शरीर में पानी की कमी दूर करता है। इसे पीने से शरीर में डिहाइड्रेशन की समस्या से भी छुटकारा मिल सकता है। गर्मियों के मौसम में लू से बचाने में भी मदद करता है।

अनानास जूस आंखों के लिए बेहद फायदेमंद है। इसमें विटामिन-ए और एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं। ये पोषक तत्वों आंखों के लिए बेहद जरूरी माने जाते हैं। इसका अगर नियमित सेवन किया जाए तो आंखों की रोशनी बढ़ती है। जिनके बच्चों की आंखें कमजोर हैं, उन्हें अनानास जूस जरूर पीना चाहिए।

बच्चों में दस्त की समस्या होने पर उन्हें अनानास जूस पीना चाहिए। इसमें एंटी-माइक्रोबियल गुण पाए जाते हैं, जो लूज मोशन का कारण बनने वाले बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं। खास बात ये है कि ये आंत के कीड़ों को खत्म करने में भी मदद कर सकते हैं।

अनानास में पाए जाने वाला कैल्शियम हड्डियों को स्वस्थ रखनेके लिए काफी फायदेमंद होता है। ये जूस हड्डियों के विकास में भी मदद करता है।

कमजोर इम्युनिटी होने के चलते बच्चे जल्दी बीमार हो जाते हैं। ऐसे में उन्हें अनानास का जूस पिलाएं। यह उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। इसमें पाए जाने वाले विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यूनिटी बूस्ट करते हैं।






## नाखून टूट जाते हैं या पीले पड़ जाते हैं तो अपनाएं ये घरेलू नुस्खे

**यूनिक समय, मथुरा।** नाखूनों से ही हाथ और पैर की खूबसूरती होती है। कई लोगों की ये परेशानी होती है कि उनके नाखून बहुत कमजोर हैं और बढ़ते ही टूट जाते हैं। खासकर जिन लड़कियों को नाखूनों की समस्या है उनके हाथों की सारी खूबसूरती इस वजह से कम हो जाती है। ऐसी भी कई लड़की और महिलाएं हैं जिनके नाखूनों का रंग अपने आप पीला पड़ जाता है। वैसे तो ये किसी बिमारी के संकेत भी हो सकते हैं लेकिन ऐसा नहीं है तो आप अपने हाथों के नाखून को कैसे और सुंदर, चमकदार और मजबूत बना सकते हैं आइए जानते हैं, अगर आपके नाखून चमकदार नहीं हैं तो आप एक बाउल में पानी लें और इसमे थोड़ा सा बेकिंग सोडा डालकर उसमें अपने नाखून देर तक डुबोकर रखें। 20-25 मिनट बाद आप पानी से हाथ बाहर निकालकर कॉटन बॉल्स से उसे साफ कर लें। पहली बार में ही आपको फर्क दिखने लगेगा। खासकर रसोई का काम करने वाले लोगों के हाथ के नाखून ज्यादातर पीले ही नज़र आते हैं। ऐसे में आप एक बाउल में पानी लेकर उसमें 1-2 नींबू निचोड़ लें, और उसमें अपने हाथों को 15-20 मिनट के लिए डूबोकर रखें। हाथ बाहर निकालकर साफ पानी से धोएं और फिर कोई क्रीम लगा लें। हाथों का पीलापन कम हो जाएगा। कई लोगों के साथ ये समस्या होती है कि नाखूनों के पास से मांस निकलने लगता है उसे क्यूटिकल कहते हैं और मार्केट में बहुत अच्छे क्यूटिकल ऑयल मिलते हैं जो आप उस एरिया पर अप्लाई कर सकते हैं। कई लोगों के नाखून बहुत ही ड्राई नज़र आते हैं। पहले तो ऐसे लोगो को बहुत पानी पीना चाहिए लेकिन फिर भी ऐसा हो रहा है तो आपको इन पर नियमित तेल या क्रीम लगानी चाहिए। आप बादाम का तेल लगाएंगे तो आपको इससे ज्यादा फायदा होगा। तो आप अगर इन घरेलू नुस्खों पर काम करेंगी तो अपने नाखूनों से जुड़ी समस्या को जड़ से खत्म कर सकेंगी। नाखूनों का सुंदर होना बहुत जरूरी है। इसके लिए आप नियमित रूप से अपने हाथों का ध्यान रखें। समय-समय पर हाथो का मेनिक्योर करें या किसी पार्लर जाकर करवाएं।

## घर में शंख रखने से मां लक्ष्मी प्रसन्न होकर करती है धन की वर्षा

**यूनिक समय, मथुरा।** हिन्दू धर्म में पूजा स्थल पर शंख रखने की परंपरा है। क्योंकि शंख को सनातन धर्म का प्रतीक माना जाता है। मान्यता है कि जहां शंख है वहीं लक्ष्मी का वास होता है। मान्यता है कि शंख को पूजास्थल में रखने से और इसे बजाने से शत्रुओं का नाश होता है ऐसा वास्तु शास्त्रों का भी कहना है। तो चलिए जानते है शंख से जुड़े वास्तु उपाय के बारे में। दक्षिणवर्ती शंख से शालिग्राम और लक्ष्मी की पूजा करने से धन की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त वैवाहिक जीवन में तालमेल बढ़ता है। शंख में जल भरकर ईशान दिशा में रखने से परिवार में परस्पर तालमेल बढ़ता है। यदि आपका बच्चा पढ़ाई में कमजोर है तो शंख में जल भरकर पिलाने से बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। घर में शंख बजाने से सात्विक ऊर्जा का संचार होता है और घर में यदि कोई नकारात्मक ऊर्जा है तो समाप्त होती है। जिस घर में वास्तु दोष की वजह से नकारात्मकता हो उस घर के ईशान कोण के शंख बजाने से वास्तु दोष का बुरा प्रभाव खत्म होता है। घर में शंख बजाने से और इसकी पूजा करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। हमारे हिन्दू धर्म में पूजा में शंख का संबंध सीधे देवी देवताओं से माना जाता है। शंख मां लक्ष्मी के भ्राता माने जाते हैं। साथ ही भगवान विष्णु का अवतार भी माना जाता है। बता दें शंख को रखने से घर में कई तरह के चमत्कारी फायदे होते हैं। अगर आप घर में शंख रखते हैं तो आपको दो शंख लेकर आना चाहिए। एक शंख बजाने के लिए और दूसरा अभिषेक और पूजा आदि के लिए। जिस शंख से आप भगवान की पूजा करते हैं उसे कभी नहीं फूंकना चाहिए। क्योंकि ऐसा करने से वह झूठा हो जाएगा। शंख को पूजा कक्ष के सफेद कपड़े में लपेटकर रखना चाहिए। भगवान विष्णु को शंख का जल चढ़ाना शुभ माना जाता है, लेकिन ध्यान रहे कि भगवान शिव और सूर्य देव को शंख जल न चढ़ाएं। बजाने से पहले शंख को गंगाजल से धोना चाहिए। अगर गंगा जल नहीं है तो आप साधारण जल का उपयोग कर सकते हैं।

## किचन में घुस गई है कॉकरोच की फौज, तो इन घरेलू नुस्खों से रातों-रात करें सफाया



**यूनिक समय, मथुरा।** कॉकरोच से निजात पाने के लिए लोग महंगे स्प्रे का भी इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इसके कुछ दिनों बाद कॉकरोच फिर से आने लगते हैं। ऐसे में हम आपको कुछ घरेलू नुस्खों के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनकी मदद से आप कॉकरोज से छुटकारा पा सकते हैं।

इस तरीके से कॉकरोच भगाने के लिए आपको छोटे-छोटे लड्डू बनाने होंगे। जिसके लिए आपको यह सामग्री चाहिए होगी। बोरिक पाउडर (कैरम पाउडर)- 4 चम्मच, मैदा या अरारोट पाउडर, शक्कर।

**ऐसे बनाएं :** सबसे पहले लड्डू बनाने के लिए सभी सामग्री को गूंथ लें। इसके बाद इनकी छोटी-छोटी सी गोलियां बनाकर सिंक, डस्टबिन, किचन कैबिनेट, ओवन के बाजू में, फ्रिज के नीचे नाली के पास और आपको जहां लगता है, वहां-वहां डाल दें। बता दें कि इन लड्डूओं को रखने के बाद से आपको एक भी कॉकरोच नहीं दिखेगा। हालांकि 15 दिनों के अंतराल पर इन्हें बदलते रहें।

**स्प्रे की मद से भगाएं कॉकरोच**

**सामग्री-** अगरबत्ती, कपूर, स्प्रे बॉटल, नींबू या सिरका, रूई

**ऐसे बनाएं :** स्प्रे बनाने के लिए सबसे पहले एक पेपर पर अगरबत्ती और कपूर को अच्छे से पीस लें। और फिर इसे बोतल में डालकर विनेगन और नींबू का रस मिला दें। इसमें थोड़ा सा पानी मिला दें और इसे अच्छे से मिक्स करने के बाद उन सारी जगहों पर स्प्रे करें। जहां-जहां कॉकरोच आते हैं। इसकी तेज महक से कॉकरोच आसपास नहीं आएंगे।

**ध्यान रखें ये बातें :** बच्चों और पालतू जानवरों की पहुंच से बोरिक पाउडर की लड्डू और अगरबत्ती स्प्रे को दूर रखें। जिस भी बर्तन आदि में कपूर और अगरबत्ती को पीसें। उसे फिर खाने-पीने के लिए इस्तेमाल न करें। लड्डू बनाने वाली सामग्री को आप दूध से भी गूंथ सकते हैं।

# हर दिन सुबह के ब्रेकफास्ट में बदलकर बनाएं नाश्ता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** क्या आप एक तरह का ब्रेकफास्ट करते-करते बोर हो चुके हैं। तो कुछ नया ट्राय करें। हर हफ्ते के लिए अगर आप कभी नॉर्थ इंडियन ब्रेकफास्ट तो कभी साउथ इंडियन ब्रेकफास्ट तो कभी इंग्लिश ब्रेक्फास्ट प्लान करेंगे तो आप ना सिर्फ खुश रहेंगे बल्कि अच्छे से नाश्ता करेंगे और दिनभर हेल्दी महसूस करेंगे। सुबह का नाश्ता बनाने में आसान और पोषत तत्त्वों से भरपूर होना चाहिए। ऐसे में हम आपको ऐसे साउथ इंडियन ब्रेकफास्ट के बारे में बता रहे हैं जिन्हे बनाने में आपको दस मिनट से ज्यादा का समय नहीं लगेगा।



**उपमा**

साउथ इंडियन उपमा आप सुबह नाश्ते में खा सकते हैं। उपमा सूजी से बनता है जिसमें करी पत्ता, मटर, मूंगफली, हरी सब्जियां, टमाटर और प्याज, हरी मिर्च और हरा धनिया होता है। खाने का ये विज्ञान तो सब जानते ही हैं जो भी खाना पांच रंगों से मिलकर बनता है वो आपकी सेहत के लिए सबसे फायदेमंद होता है।

**मसाला इडली**

सूजी और दही को मिलाकर बनने वाली इडली स्टीम्ड होती है यानि इसमें किसी तरह का कोई तेल घी इस्तेमाल नहीं होता। तो आप अगर ज़ीरो ऑयल ब्रेकफास्ट बनाना चाहते हैं ये ऑप्शन आपके लिए बेस्ट है। वैसे मसाला इडली बनाने के लिए आप इटली बनाने के बाद उसके 4 टुकड़े कर लें। एक पैन में 1 चम्मच ऑयल डालें, इसमें 2-3 सूखी लाल मिर्च, सरसों के दाने, 5-7 करी पत्ते, प्याज और टमाटर डालने के बाद इसमें नमक और साउथ इंडियन मसाला डालाकर इडली के सभी टुकड़ों को इसमें डाल दें। मसाला इडली न सिर्फ स्वादिष्ट बनेंगी बल्कि हेल्दी भी होंगी।

**उत्तपम**

दक्षिण भारत में उत्तपम बहुत खाया जाता है। प्याज वाला उत्तपम, टमाटर वाला तो कुछ मिक्स वेज उत्तपम खाना पसंद करते हैं। इसे आप नारियल की चटनी के साथ भी खा सकते हैं।

**रवा डोसा**

डोसा तो साउथ इंडियन लोगों का सबसे फेवरेट ब्रेकफास्ट होता है। आप दिन में तीनों समय भी डोसा खा सकते हैं। लेकिन आप अगर नाश्ते में डोसा खा रहे हैं तो इसके साथ गर्मा गर्म सांबर और नारियल की चटनी भी खाएं। आपके जुबां पर दिनभर स्वाद बना रहेगा।

**सांबर वड़ा**

सांबर वड़ा सुबह-सुबह बनाने के लिए आप सांबर का बैटर रात को ही तैयार करके फ्रिज में रख सकते हैं। ब्रेकफास्ट बनाने से 10 मिनट पहले आप उड़द दाल से बनें वड़े के बैटर को अच्छी तरह से फैंट कर इसके वड़े बनाएं और गर्मा गर्म सांबर के साथ सर्व करें। तो आप अपने लिए कुछ बेहद हेल्दी और टेस्टी ब्रेकफास्ट प्लान कर रहे हैं तो ये आपके लिए अच्छा ऑप्शन है। यकीन मानिए हर वीक अगर आप अपना ब्रेकफास्ट प्लान करेंगे तो सुबह के नाश्ता का रात से ही इंतज़ार करने लगेंगे।

## सुविचार

किरण चाहे सूर्य की हो या फिर आशा की, जीवन के सभी अंधकार मिटा देती है।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | चतुर्दशी | 09:12-10:36 तक | पक्ष | शुक्ल |
| नक्षत्र | पूर्व फाल्गुनी | 04:05-06:19 तक | माह | फाल्गुन |
| सूर्योदय | | 6:34 AM | चन्द्रोदय | 05:43 PM |
| सूर्यास्त | | 6:22 PM | चंद्रास्त | 06:27 AM |
| सूर्य राशि | | कुंभ राशि | चंद्र | सिंह राशि |
| शुभ मुहूर्त अभिजीत | | 12:05 PM –12:52 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 05:11-05:59 |
| त्योहार/व्रत | | होलिका दहन | विक्रम संवत् | 2081 |
| राहुकाल | | 01:57PM–03:25PM | वार | गुरुवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

# पंचमुखी रुद्राक्ष पहनने से मिलता है यश और मानसिक शांति



**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिष शास्त्र में रुद्राक्ष को महादेव का अंश माना गया है। इसे कालाग्नि का भी रूप माना गया है जो कि स्वयं रुद्र है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शंकर के आंसुओं से हुई है। यही वजह है इसे धारण करना शुभ माना जाता है। ज्योतिष में रुद्राक्ष के कई प्रकार बताए गए हैं। उन्हीं में से एक पंचमुखी रुद्राक्ष है। कहा जाता है पंचमुखी रुद्राक्ष को विधिवत धारण करने से पंचब्रह्म की विशेष कृपा प्राप्त होती है।

पंचब्रह्म में भगवान गणेश, भगवान शिव, शक्ति (देवी) भगवान विष्णु और सूर्य देव शामिल हैं। आइए ज्योतिष शास्त्र के अनुसार जानते हैं कि पंचमुखी रुद्राक्ष धारण करना कब शुभ होता है और इसका महत्व और लाभ क्या है।

**पंचमुखी रुद्राक्ष का महत्व**

पंचमुखी रुद्राक्ष की सतह पर पांच प्राकृतिक रेखाएं उभरी हुई होती हैं। जिसे रुद्राक्ष का मुख कहा जाता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, इस रुद्राक्ष के अधिपति (देवता) भगवान कलाग्नि हैं जो भगवान शिव का ही एक रूप माने जाते हैं। यह सबसे अधिक पाया जाने वाला रुद्राक्ष है। कहा जाता है कि जो कोई इसे विधि–विधान से पहनता है और इसके नियम का पालन करता है, वह बुरे कर्मों से दूर रहता है।

ऐसा दैवीय शक्ति की वजह से होता है। इसके साथ ही इस रुद्राक्ष को पहनने वाला शुद्ध होता है और उसका मन शांत हो जाता है। कहा जाता है कि पंचमुखी रुद्राक्ष पहनने वाले को यश, प्रसिद्धि और मानसिक शांति मिलती है।

**पंचमुखी रुद्राक्ष के लाभ**

ज्योतिष शास्त्र की मानें तो जो कोई विधिवत पंचमुखी रुद्राक्ष धारण करता है, उसे मानसिक शांति मिलती है। अनावश्यक मन विचलित और परेशान नहीं रहता है। इस रुद्राक्ष को धारण करने से आध्यात्मिक शक्ति अर्जित करने में मदद मिलती है। ज्योतिष के जानकार धन और समृद्धि पाने के लिए पांच मुखी रुद्राक्ष को धारण करने की सलाह देते हैं। कहा जाता है कि जो कोई पंचमुखी रुद्राक्ष को विधिवत धारण करता है, उसे अकाल मृत्यु का भय नहीं रहता है। यानी यह कवच का काम करता है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, बृहस्पति के अशुभ प्रभाव से बचने के लिए पांच मुखी रुद्राक्ष पहनना शुभ रहता है। पंचमुखी रुद्राक्ष शादीशुदा जीवन में सुख–शांति लाने में भी मददगार साबित होता है।

**कैसे धारण करें पंचमुखी रुद्राक्ष**

पांच मुखी रुद्राक्ष को धारण करने से पहले उसे गंगाजल से अभिषिक्त करें। इसके बाद 108 बार ऊंह्रीं नमः मंत्र का जाप करें। माना जाता है कि इस प्रकार पंचमुखी रुद्राक्ष को धारण करने से अधिक लाभ होता है।

# इस खास रत्न को पहनने से करियर को लग जाएंगे पंख



**यूनिक समय, मथुरा।** करियर में सफलता पाने के लिए मानसिक रूप से मजबूत रहने की आवश्यकता है। व्यक्ति जितना मानसिक रूप से मजबूत होगा, उतनी ही बड़ी–बड़ी परेशानियों का सामना करने में सक्षम होगा। कई बार ऐसा होता है कि इतनी मेहनत करने के बाद भी सफलता नहीं मिलती है।

व्यक्ति को हर बार कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। वहीं हर ग्रह किसी न किसी रत्न से संबंधित होता है, जिसे अगर व्यक्ति रत्न धारण करता है तो उससे संबंधित ग्रह की दशा ठीक हो जाती है और व्यक्ति को करियर में सफलता जरूर मिलती है। तो आइए आज हम आपको अपने इस लेख में कुछ रत्नों के बारे में बताएंगे, जिससे अगर आपके करियर में किसी प्रकार की कोई बाधा उत्पन्न हो रही होगी, तो वह दूर हो जाएगी।

**गोमेद रत्न :** इस रत्न को पहनने से बिजनेस और करियर में सफलता मिलती है और कार्य करने की क्षमता में भी वृद्धि होती है।

जो व्यक्ति ये रत्न पहनता है, वह बहुत नाम कमाता है। अगर आप कहीं इंटरव्यू देने जा रहे हैं, तो इस रत्न को जरूर पहनें। ये आपके सोए हुए भाग्य को जगाने में काफी मदद करता है।

**पन्नाः** इस रत्न का संबंध बुध ग्रह से है। बुध को बिजनेस, बुद्धि और शिक्षा का ग्रह माना जाता है। ये बेहद शक्तिशाली स्टोन माना जाता है। ये रत्न जो व्यक्ति पहनता है, उसे कभी धन की कमी नहीं होती है और साथ ही ये नेगेटिव एनर्जी को भी दूर कर देता है। ये भाग्यशाली रत्नों में से एक है।


**लहसुनिया :** इस रत्न को पहनने से व्यक्ति शत्रुओं पर विजय प्राप्त करता है। ये मानसिक क्षमताओं का विकास करता है।

ये ऊर्जा का संचार करता है। बिजनेस और नौकरी में ये रत्न काफी मदद करती है।

**मूंगाः** मूंगा साहस को दर्शाता है। ये करियर में स्थिरता बनाए रखने के लिए धारण करना चाहिए। इसे पहनने से सामाजिक स्थिति में सुधार के साथ धन प्राप्ति के भी योग बनते हैं। यह रत्न सुख–समृद्धि बनाएं रखने के लिए काफी मददगार होता है।

**माणिक :** ये रत्न भाग्य रत्न होता है। इस रत्न का स्थान सबसे सर्वोच्च माना जाता है। यह शांति और संतुलन को दर्शाता है। करियर में सफलता और समृद्धि के लिए ये रत्न पहना जाता है। जो स्वतंत्रता को बढ़ावा देता है। ये व्यक्ति के लक्ष्य की ओर फोकस करने में काफी मदद करता है।

# घर में ऐसी पेंटिंग लगाने से दूर होगा मानसिक तनाव



**यूनिक समय, मथुरा।** हर व्यक्ति का यही सपना होता है, कि वह हंसी खुशी से रहे, उसके जीवन में किसी प्रकार की कोई परेशानी न आए। वास्तु शास्त्र के हिसाब से बात की जाए, तो घर के हर एक कोने में पॉजिटिव एनर्जी का वास होता है। तो ऐसे में आइए आज हम आपको अपने इस लेख में वास्तु से जुड़े कुछ नियमों के बारे में बताएंगे, जिससे आपके घर की शांति और मानसिक शांति भी बनी रहेगी।

वास्तु शास्त्र में घर के दक्षिण पश्चिम दिशा में बच्चों का कमरा बनवाना चाहिए। बच्चों को दक्षिण या फिर पूर्व दिशा की ओर सिर रखकर सोना चाहिए। इससे मन शांत रहता है।

घर में एक मेडिटेशन रूम होना चाहिए, घर का उत्तर–पूर्व कोना मेडिटेशन रूम के लिए सबसे सही माना जाता है। इस बात का ध्यान रखें कि अपना मुख पूर्व दिशा की ओर ही रखना चाहिए।

नए घर में जाने से पहले हवन जरूर कराना चाहिए। इससे अगर उस घर में कोई नकारात्मकता होगी, तो वह दूर हो जाएगी और घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। घर में प्रवेश कर गंगाजल से छिड़काव अवश्य करना चाहिए। भगवान गणेश की पूजा अवश्य कराएं, इससे आपके घर का वातावरण हमेशा शांत रहेगा और आपके काम में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं आएगी। घर में कभी भी रोते बच्चों की फोटों, डूबते सूरज की तस्वीर और बेडरूम में समुद्र की तस्वीर, बारिश की तस्वीर नहीं लगानी चाहिए। इससे मानसिक तनाव होता है और आर्थिक तंगी का भी सामना करना पड़ता है।

घर में कभी पश्चिम दिशा में भगवान की तस्वीर नहीं लगानी चाहिए। इससे आपको हमेशा बाधाओं और स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

घर के मुख्य द्वार पर आम के पत्ते और फूल जब सुख जाएं, तो उन्हें हटा देना चाहिए। इससे घर में हमेशा नकारात्मक ऊर्जा का वास होता है।

# रोटी के ये चमत्कारी उपाय, आपके सारे दु:ख करेंगे दूर

**यूनिक समय, मथुरा।** ज्योतिष शास्त्र में ग्रह–नक्षत्रों का बेहद खास महत्व है, इनकी चाल बदलने से जातक के जीवन में असर देखने को मिलता है। उनके जीवन में कभी दुख तो कभी सुख का साया मंडराता रहता है। वहीं ग्रह–नक्षत्रों को शांत करने के लिए भी कई उपाय भी बताएं गए हैं, जो बेहद फलदायी साबित होते हैं।

जिसमें से एक-रोटी के कुछ उपायों के बारे में भी बताया गया है, जिसे करने से आपके जीवन में अगर कोई बाधा, कोई समस्या, इसके अलावा अगर आपकी आर्थिक स्थिति सही नहीं रहती है तो ये उपाय अपना सकते हैं......



ज्योतिष शास्त्र में अगर किसी जातक की कुंडली में पितृ दोष है, तो अमावस्या के दिन चावल की खीर बनाएं और उस खीर को रोटी के ऊपर रखकर कौएं को खिलाएं। इससे पितृ दोष से आपको मुक्ति मिल जाएगी। वहीं अगर आपके घर में हमेशा कलह–क्लेश की स्थिति बनी रहती है, खाना बनाने के समय पहली रोटी कुत्ते को खिलाएं। इससे घर में शांति बनी रहेगी। अगर आप आर्थिक तंगी से परेशान हैं, तो रोटी में चीनी डालकर चीटियों को खिला दें। इससे मां लक्ष्मी बेहद प्रसन्न होती हैं और आपको आर्थिक तंगी से छुटकारा मिल जाएगा।

अगर आप चाहते हैं, आपके घर की सुख–समृद्धि बनी रहे, खाने की पहले रोटी गौ माता को जरूर खिलाएं।

अगर आप अपनी कुंडली में ग्रह–दोषों से छुटकारा पाना चाहते हैं, तो तीन तरह की दाल जैसे कि अरहर, मसूर और उड़द की दाल रोटी में रखें और गौ माता को खिलाएं। इससे आपको असर देखने को मिल जाएगा।

अगर आप नौकरी और कारोबार में तरक्की पाना चाहते हैं, तो मछलियों को रोटी के टुकड़े जरूर खिलाएं।

## विशेष अनुरोध

प्रिय पाठकों आपका अपना यूनिक समय भरपूर कोशिश करता है कि आपके पास दिनभर की चर्चा, परिचर्चा, गतिविधियाँ और नवीनतम खबरें आप तक पहुँचाए, लेकिन फिर भी हमसे त्रुटि रह जाती हैं। आपसे अनुरोध है कि सुधि पाठक होने के नाते आप हमें अवगत कराते रहे, जिससे हम और बेहतर खबरें आपको पढ़ाते रहे। .... धन्यवाद

# सिंडिकेट ने बिजली विभाग के अफसर की पत्नी का कराया धर्मांतरण



**यूनिक समय, लखनऊ।** मामले में पीड़ित पति ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर विभाग में चल रहे धर्मांतरण के खेल को उजागर किया है। रेलकर्मी की पत्नी को जिम्मेदार बताया गया है। वहीं, दो और महिलाओं के धर्मांतरण का आरोप लगाया है।

धर्मांतरण के तमाम प्रकरणों के बीच राजधानी में भी सनसनीखेज मामला सामने आया है। लोगों को बरगलाकर धर्म बदलवाने वाले सिंडिकेट ने बिजली विभाग के एक अधिकारी की पत्नी का ही धर्मांतरण करा दिया। पत्नी को वापस अपने धर्म में लाने के पति के प्रयास सफल नहीं हुए तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को चिट्ठी लिखकर पूरे प्रकरण को उजागर किया।

पीड़ित अधिकारी ने पत्र में लिखा है कि उनकी पत्नी भी बिजली विभाग में कार्यरत हैं। उनके साथ ही उनके दो बेटों का भी धर्मांतरण करा दिया गया है। वह अब हिंदू से ईसाई हो गए हैं। पत्नी ने उन पर भी धर्मांतरण का दबाव बनाया। बात नहीं मानने पर बेटों को लेकर दूसरी जगह रहने लगी हैं। पत्नी को वापस लेने गए तो उनके भाई जानमाल की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित अधिकारी ने पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल को भी पत्र लिखकर धर्मांतरण सिंडिकेट में शामिल विभागीय कर्मियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है। पीड़ित अधिकारी ने लिखा है कि उनकी पत्नी अब पूरी तरह से ईसाई धर्म के अनुसार ही जीवन बिता रही हैं। उन्होंने सिंदूर और मंगलसूत्र त्याग दिया है। चूड़ी भी नहीं पहनती। देवी–देवताओं की पूजा से भी

### त्याग दिया सिंदूर–मंगलसूत्र

परहेज करती हैं। उनके मोबाइल फोन पर हर सुबह ईसाई धर्म से जुड़े मैसेज आ रहे हैं। धर्मांतरण कराने वाला सरगना रेलवे में पत्र के मुताबिक, धर्मांतरण कराने वाला सरगना रेलवे में तैनात है। उसकी पत्नी बिजली विभाग में है। रेलवे कर्मचारी की पत्नी ने दो अन्य महिलाओं का भी धर्मांतरण करा दिया है। इस सिंडिकेट की सरकारी विभागों में गहरी पैठ है। यदि आपके आसपास भी धर्मांतरण की कोई सूचना है तो अमर उजाला को पूरा विवरण लिखकर भेजें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। हम अपने स्तर पर सूचना की पड़ताल करेंगे। पुष्टि होने पर ही प्रकाशन करेंगे।

# अफसर की धमकी से डरा बाबू, पत्नी के खाते में ट्रांसफर किए 40 हजार रुपये

**यूनिक समय, लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग में अधिकारी ने बाबू का फोन लेकर जबरन अपनी पत्नी के खाते में 40 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए। समाज कल्याण विभाग मंत्री ने मामले में जांच के आदेश जारी किए हैं।

अमेठी जिले में तैनात जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल पर विभाग के बाबू गोकुल प्रसाद ने रिश्वत लेने का गंभीर आरोप लगाया है। बाबू ने जिलाधिकारी अमेठी को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि समाज कल्याण अधिकारी द्वारा डरा धमका कर मोबाइल से 40 हज़ार रुपए बलपूर्वक अपनी पत्नी के खाते में ट्रांसफर कराया गया है।

मामले की जानकारी मिलते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) सीम अरुण ने अयोध्या मंडल के उपनिदेशक को मौके पर भेजकर जांच करवाने का निर्देश विभाग के निदेशक कुमार प्रशांत को दिया है। बाबू गोकुल प्रसाद का आरोप है कि 26 दिसंबर 2024 को समाज कल्याण अधिकारी ने अपने चैंबर में बुलाया और बल पूर्वक मोबाइल लेकर फोन–पे का पासवर्ड प्राप्त कर अपनी पत्नी डॉ. अंजू शुक्ल के खाते में 40 हज़ार रुपए ट्रांसफर कर लिया।

बाबू ने अपनी शिकायत में रुपये के लेनदेन का एक साक्ष्य भी दिया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण मंत्री ने 20 मार्च को जांच रिपोर्ट से अवगत कराने का निर्देश दिया है। मामले पर समाज कल्याण विभाग मंत्री असीम अरुण ने कहा कि प्रदेश सरकार जीरो टोलरेंस के तहत भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार प्रहार कर रही है। विभाग में किसी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। जांच के बाद दोषी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह की पुनरावृत्ति न हो।

# बागपत में छह दिन के बच्चे की गला घोंटकर हत्या

**यूनिक समय, लखनऊ।** मुलसम गांव निवासी महिला ने छह दिन पहले ही ऑपरेशन के बाद बच्चे को जन्म दिया था। बच्चे की मौत होने पर परिजन दुख और सदमे में हैं। वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है।

आजमपुर मुलसम गांव में छह दिन के बच्चे की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। परिजनों का आरोप है कि मां ने ही बच्चे को मारा है। बच्चे के गले पर घोंटे जाने के निशान दिखे तो हत्या का पता चला।

मुलसम गांव के देशपाल ने बताया कि उसके भतीजे की पत्नी ने छह दिन पहले ऑपरेशन के बाद बच्चे को जन्म दिया था। मंगलवार शाम अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद ही जच्चा–बच्चा को अस्पताल से घर लाया गया था।

### ससुराल वाले बोले–मां ने मार डाला

बताया कि बच्चे की मां का ससुराल वालों से विवाद चल रहा था। करीब छह–सात दिन पहले ही वह डिलीवरी कराने के लिए ससुराल आई थी। ससुराल वालों ने महिला को अस्पताल में भर्ती कराया। सकुशल डिलीवरी होने के बाद जच्चा–बच्चा घर आ गए थे। रात करीब 12 बजे महिला ने बताया कि बच्चे की मौत हो गई। परिजनों ने जब बच्चे के गले पर निशान देखे तो उन्हें हत्या का पता चला। मौके पर पहुंची दोघट थाना पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## होली पर योगी सरकार का तोहफा

# 1.86 करोड़ परिवारों को मिला मुफ्त गैस सिलेंडर



**यूनिक समय, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले रिश्वत देकर गैस कनेक्शन दिया जाता था। अब फ्री में दिया जा रहा है। होली और दीपावली में गैस सिलेंडर मुफ्त दिया जाएगा।

होली के ठीक पहले बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। इस योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में सीएम योगी ने बटन दबाकर किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, वहीं अब देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार होली और रमजान एक साथ है, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देशभर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब 2 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

तब से हर साल यह योजना चल रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें। इस बार होली और रमजान दोनों साथ हैं, इसलिए सभी को इसका लाभ मिलेगा।

सीएम ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले एक गैस कनेक्शन के लिए 25–30 हजार रुपये की घूस देनी पड़ती थी और त्योहारों पर सिलेंडर भी नहीं मिल पाते थे। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह योजना गरीब माताओं को धुएं से बचाने के लिए शुरू की गई है और इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में 80 हजार राशन डीलर 3 करोड़ 60 लाख राशन कार्डधारकों के जरिए 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांट रहे हैं। 2017 में ई–पॉश मशीनों के जरिए राशन वितरण में पारदर्शिता लाई गई, जिससे कालाबाजारी पर रोक लगी। कोविड काल में जब लोग परेशान थे, तब से लगातार लगातार पांच साल हो गये हर महीने देश में 80 करोड़ लोगों को और यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।




# कोटा पटना एक्सप्रेस ट्रेन से युवक की दर्दनाक मौत



**यूनिक समय, लखनऊ।** अमेठी में एक युवक ट्रेन की पटरी पर लेट गया। इस दौरान ट्रेन आने से उसका शरीर दो हिस्सों में विभाजित हो गया। पुलिस युवक की पहचान करने में जुट गई है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर बुधवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची जीआरपी विधिक कार्रवाई करने में जुट गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक युवक ने रेल की पटरी पर लेट कर आत्महत्या की है। मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के सुल्तानपुर लखनऊ रेल खंड स्थित मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन का है। जहां सुबह करीब 10 बजे कोटा पटना एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात युवक की दर्दनाक मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को रेलवे ट्रैक से हटवा कर विधिक कार्रवाई करने में जुट गई है। स्टेशन पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रेन कोटा से पटना जा रही थी। ट्रेन जैसे ही मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन पर पहुंची तभी प्लेटफार्म पर खड़ा एक अज्ञात युवक रेल की पटरी पर लेट गया जिसके बाद ट्रेन उसके ऊपर से होते हुए गुजर गई। हादसे में युवक के दो टुकड़े हो गए फिलहाल पुलिस युवक की पहचान कराने में जुटी हुई है।

# महिला के पास मिले पांच पाकिस्तान मेड पिस्टल



**यूनिक समय, लखनऊ।** लखनऊ केसरबाग बस स्टेशन पर एक महिला पांच पाकिस्तान मेड पिस्टल के साथ पकड़ी गई। उसे महिला एसटीएफ के हवाले कर दिया गया।

लखनऊ के केसरबाग बस स्टेशन पर सुबह नौ बजे एक संदिग्ध महिला पांच पाकिस्तान मेड पिस्टल के साथ गिरफ्तार की गई। संदेह होने पर पुलिस ने उसे चेक किया तो उसके पास से पांच पिस्टल के साथ डेढ़ लाख कैश मिला। यह महिला मेरठ से आई हुई थी।

यूपी रोडवेज की बस संख्या यूपी 78 जेटी 4162 से कैसरबाग बस अड्डे पहुंची थी। यह बस मेरठ से आई हुई थी। मामले की जानकारी मिलते ही एसटीएफ को बुलाया गया। महिला एसटीएफ की टीम उसे अपने साथ ले गई। खबर लिखे जाने तक उससे पूछताछ जारी है।

### डेढ़ लाख की नकदी भी मिली, एसटीएफ को सौंपा

# बांग्लादेश में जब्त होंगी शेख हसीना प्रॉपर्टी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की प्रॉपर्टी जब्त होगी, जिससे उनकी मुश्किलें काफी बढ़ जाएंगी। ढाका की एक अदालत ने आदेश दिया है कि शेख हसीना के धनमंडी स्थित आवास सुदासदन और भारत में निर्वासित उनके परिवार के सदस्यों की कुछ अन्य संपत्तियों को जब्त किया जाए। शेख हसीना के परिवार के 124 बैंक खातों को भी जब्त करने का आदेश जारी हुआ है। शेख हसीना के अलावा, उनके बेटे साजिब वाजेद जॉय, बेटी साइमा वाजेद पुतुल, बहन शेख रेहाना और उनकी बेटियों ट्यूलिप सिद्दीकी और रादवान मुजीब सिद्दीकी की कुछ अन्य संपत्तियां भी जब्त की जाएंगी। ढाका मेट्रोपॉलिटन के वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन गालिब ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के आवेदन के बाद मंगलवार को यह आदेश जारी किया। बांग्लादेश ने हसीना के खिलाफ दो गिरफ्तारी वारंट जारी किए हुए हैं।

## सार संक्षेप

### दिल्ली हाईकोर्ट का एनआईए को नोटिस

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने एनआईए को नोटिस जारी करके जवाब मांगा है। जम्मू कश्मीर के बारामूला से लोकसभा सांसद इंजीनियर राशिद शेख की याचिका पर यह नोटिस जारी हुआ। राशिद ने याचिका दायर करके संसद के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी है। हाईकोर्ट ने एनआईए को नोटिस जारी करते हुए यह भी कहा है कि अगर उसे याचिका और राशिद की मांग पर आपत्ति है तो वह हलफनामा दाखिल करे। इससे पहले राशिद की जमानत याचिका को एनआईए की स्पेशल कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

### राजौरी में सीमा पार से गोलीबारी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सीमा पार से गोलीबारी हुई है, जिसमें भारतीय सेना का जवान घायल हुआ है। घायल जवान की पहचान मन कुमार बेगा के रूप में हुई है। वह गोरखा रेजीमेंट का जवान है। सूत्रों के अनुसार, बॉर्डर पार से स्नाइपर अटैक हुआ है। एलओसी पर भी ब्लास्ट हुआ है, जिसके बाद 3 राउंड फायरिंग हुई।

### भारत की ओर से मॉरीशस को नेशनल डे की बधाई

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने मॉरिशस के पूर्व प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ से मुलाकात की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पोर्ट लुइस में मॉरिशस के पूर्व प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ से मुलाकात की। इस दौरान विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर और एनएसए अजीत डोभाल भी मौजूद रहे। वहीं प्रधानमंत्री ने 140 करोड़ भारतीयों की ओर से मॉरिशस को नेशनल डे की बधाई दी है।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ डिस्चार्ज

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ दिल्ली एम्स से डिस्चार्ज हो गए हैं। वे 9 मार्च को भर्ती हुए थे। उन्हें सीने में दर्द की शिकायत हुई थी। एम्स के मेडिकल बुलेटिन के मुताबिक, अब उनकी हालत में अच्छा खासा सुधार है। पूरी जांच के बाद ही उन्हें डिस्चार्ज किया गया है।

### दिल्ली में 12 अवैध बांग्लादेशी गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने साउथ ईस्ट और साउथ दिल्ली से एक ऑपरेशन के दौरान 12 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। यह बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। इनसे कई दस्तावेज भी बरामद हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। यह जानकारी दिल्ली पुलिस ने दी है।

### जामा मस्जिद की रंगाई पुताई पर बड़ा फैसला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले की जामा मस्जिद की रंगाई पुताई का मामला सुलझ गया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मामले में बड़ा फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने एएसआई को एक हफ्ते में मस्जिद के बाहर के हिस्से की सफेदी करवाने को कहा है। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने फैसला सुनाया। अब 8 अप्रैल को मामले की अगली सुनवाई होगी।

# हरियाणा के 10 नगर निगमों में से 9 पर बीजेपी की जीत



## कांग्रेस पूरी तरह पस्त

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हरियाणा में निकाय चुनाव की वोटों की गिनती शुरू हो गई है। 10 नगर निगम में हुए चुनाव में से 9 पर भारतीय जनता पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है। कांग्रेस सभी जगह पस्त हो गई है।

हरियाणा में निकाय चुनाव के परिणाम आज बुधवार 12 मार्च को सामने आ रहे हैं। हरियाणा के विभिन्न नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर समितियों के मेयर/अध्यक्षों और वार्ड सदस्यों के चुनाव लिए हुई वोटों की काउंटिंग हो रही है। बता दें कि इस चुनाव में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच था। हालांकि, इस चुनाव में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया है और 10 में 9 नगर निगमों में जीत हासिल कर ली है। वहीं, कांग्रेस पूरी तरह से पस्त हो गई है।

नगर निगम में 10 में से 9 पर बीजेपी जीत गई है। कांग्रेस सभी पर हार गई है। मानेसर नगर निगम में निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई है। इसके अलावा पांच नगर परिषदों और 23 नगर पालिकाओं में भी वोटों की गिनती जारी है। ज्यादातर जगहों पर बीजेपी आगे चल रही है। कांग्रेस विधायक और पहलवान विनेश फोगाट के विधानसभा क्षेत्र जुलाना के नगर पालिका में चेयरमैन पद पर बीजेपी की जीत हुई है।

सोनीपत नगर निगम मेयर उपचुनाव की गिनती पूरी हो गई है। यहां बीजेपी ने कांग्रेस को बड़े अंतर से मात दी है। बीजेपी उम्मीदवार राजीव जैन ने कांग्रेस के उम्मीदवार कमल दीवान को करीब 34 हजार 766 वोटों से हराया है। इस जीत के बाद बीजेपी कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है।

जीत के बाद बीजेपी के उम्मीदवार राजीव जैन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि– "यह जीत जनता की जीत है। सोनीपत की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। सोनीपत में ट्रिपल इंजन की सरकार काम करेगी। सोनीपत के विकास कार्यों के लिए काम करेंगे।"

# भारत सरकार 266 और नागरिकों को लाई वापस



## विदेश में नौकरी करने के चक्कर में बुरे फंसे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** विदेश में नौकरी करने की लालच में फंसे 266 भारतीय नागरिकों को मंगलवार को सरकार वापस लाई है, जिन्हें दक्षिण पूर्व एशिया के साइबर अपराध केंद्रों से रिहा कराया गया था। सोमवार को इसी तरह 283 भारतीयों को वापस लाया गया। भारतीय दूतावासों ने म्यांमार और थाईलैंड सरकारों के साथ मिलकर उनकी रिहाई सुनिश्चित करने और उनके स्वदेश वापसी में मदद की।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने लगातार प्रयास किए हैं कि उन भारतीयों को रिहा किया जा सके, जो म्यांमार सहित दक्षिण–पूर्व एशियाई देशों में फर्जी नौकरी के वादों से ठगे गए थे। इन नागरिकों को साइबर अपराध और अन्य धोखाधड़ी गतिविधियों में शामिल किया गया था, जो म्यांमार–थाईलैंड सीमा के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे थे।

विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे विदेश में स्थित मिशनों के जरिए विदेशी नियोक्ताओं की साख की पुष्टि करें और नौकरी की पेशकश मंजूर करने से पहले भर्ती एजेंटों और कंपनियों के पिछले रिकॉर्ड की जांच करें। इससे पहले दिसंबर में भी भारतीय दूतावास ने म्यांमार के म्यावाडी में नौकरी घोटाले के परिसर में फंसे छह भारतीय नागरिकों को रिहा करने का ऐलान किया था।

दक्षिण–पूर्व एशिया का गोल्डन ट्राइंगल क्षेत्र साइबर अपराध का केंद्र है, जहां थाईलैंड, लाओस और म्यांमार की अंतरराष्ट्रीय सीमाएं मिलती हैं। यहां से साइबर फ्रॉड के लिए फर्जी कॉल सेंटर संचालित होते हैं। पीड़ितों में देश के अलग–अलग राज्यों के लोग शामिल हैं। म्यांमार सरकार ने बंधकों को छुड़ाने और उन्हें थाईलैंड शिफ्ट करने के लिए अपनी सेना को तैनात किया, जहां से उन्हें अब भारत वापस लाया गया।

## हमले का वीडियो आया सामने

# बीएलए ने यात्रियों को बनाया था बंधक

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाकिस्तान में बलूचिस्तान लिब्रेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा ट्रेन हाईजैक करने का पूरा वीडियो सामने आ गया है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि किस तरह से बीएलए ने पाकिस्तान की पूरी ट्रेन को यात्रियों समेत बंधक बना लिया था। वीडियो में धमाका होते हुए देखा जा सकता है। बंधकों छुड़ाने के लिए पाकिस्तानी सुरक्षा बलों का ऑपरेशन लगातार जारी है।



बता दें कि, बलूचिस्तान लिब्रेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा हाईजैक की गई जाफर एक्सप्रेस ट्रेन के 104 यात्री मुक्त हो चुके हैं। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया था कि उन्होंने बीएलए के 16 आतंकवादियों को मारकर इन बंधकों को रिहा कराया है। मगर जाफर एक्सप्रेस के मुक्त हुए यात्रियों ने पाकिस्तानी सेना की पोल खोल दी है। कई यात्रियों ने बताया कि उन्हें पाकिस्तानी सेना ने नहीं छुड़ाया, बल्कि बीएलए ने खुद से रिहा किया है। गौरतलब है कि, बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा प्रांत है जो खुद को पाकिस्तान का हिस्सा नहीं मानता है। पाकिस्तान ने 1947 में जबरन इसका विलय करवा दिया था। तब से वह बलूचिस्तान पर अपना अधिकार जताता है। पाक वहां की संपत्ति का खुद भी दोहन कर रहा है और चीन को भी खनन का अधिकार सौंप दिया है। इससे बलूचिस्तान के निवासी चीन और पाकिस्तान दोनों से खफा रहते हैं। बलूचों का कहना है कि पाकिस्तान और चीन ने उसकी संपदा का दोहन करके बलूचिस्तान की हालत खस्ता कर रखी है।

# सदन में आमने–सामने भिड़े सीएम नीतीश और राबड़ी देवी

## जमकर हुई तीखी बहस





**यूनिक समय, पटना।** बिहार विधान परिषद के अंदर सीएम नीतीश कुमार और पूर्व सीएम राबड़ी देवी के बीच तीखी बहस हो गई। इन दोनों के आमने–सामने होने से सियासी तापमान बढ़ गया। जिसके बाद आरजेडी के सदस्यों ने वॉक आउट कर दिया।

राबड़ी देवी ने सदन में नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए कहा कि फाइल उठाकर देखिए कि आपके घर के लोग 2005 से पहले कपड़े नहीं पहनते थे। इस पर नीतीश ने तंज कसते हुए कहा कि इनके पति (लालू यादव) हट गए तो पत्नी को बना (सीएम) दिए। यही सब होता है। कोई काम हुआ है? जिस आदमी को हम बनाए और 3 साल के बाद वह गड़बड़ करने लगे। इसीलिए, हम उन्हें छोड़ करके अलग किया।'

इसके बाद राबड़ी देवी ने कहा कि यहां महिलाओं का अपमान किया जाता है। ये हमेशा महिलाओं का अपमान करते हैं। इस पर नीतीश ने कहा कि हमने महिलाओं के लिए काफी काम किए।

बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और आरजेडी नेता राबड़ी देवी ने कहा, 'नीतीश कुमार भांग पीकर विधानसभा आते हैं। वह महिलाओं का अपमान करते हैं, जिसमें मैं भी शामिल हूं, वे हमारा अपमान करते हैं। उन्हें देखना चाहिए कि जब हम सत्ता में थे तो हमने किस तरह का काम किया। उनके आस–पास के लोग जो कहते हैं, वह वही बोलते हैं। उनकी अपनी पार्टी के सदस्य और कुछ भाजपा नेता उनसे ऐसी बातें कहने के लिए कह रहे हैं।'

आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, 'अब स्थिति गंभीर हो गई है। बिहार में हर कोई हैरान है कि बिहार में सरकार कैसे चल रही है?

बागडोर एक ऐसे आदमी के हाथ में है जो अचेत अवस्था में है, जिसकी हालत ठीक नहीं है। इस तरह का बयान कि हमने इसके पति को बनाया, उसके पति को बनाया ठीक नहीं है, लालू जी ने कितने लोगों को बनाया। तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार को दो बार मुख्यमंत्री बनाया। लालू जी और नीतीश कुमार के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती। नीतीश कुमार के पास कोई नीति नहीं है, कोई सिद्धांत नहीं है, कोई विचारधारा नहीं है। सब चाहें भाड़ में जाए, हम कुर्सी के जुगाड़ में, ये हैं नीतीश कुमार।'

तेजस्वी यादव ने कहा, 'बिहार में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। अपहरण और डकैती जैसी घटनाएं ताबड़तोड़ हो रही हैं। नीतीश कुमार ने अपराधियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। वह अपना विवेक खो चुके हैं। मैं उन्हें याद दिलाना चाहता हूं कि लालू जी ने पहले पीएम बनाया और मैंने उन्हें दो बार सीएम बनाया। नीतीश कुमार और लालू यादव के बीच कोई तुलना नहीं है।'

# 20 लाख रुपए में बनवाए जाली दस्तावेज, लंदन जा रहे थे



## एयरपोर्ट पर 7 छात्र गिरफ्तार

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुंबई एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन में 7 छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, इन छात्रों ने एजेंट को 20 लाख रुपए दिए थे और फर्जी दस्तावेज भी बनवाए थे। ये सभी लंदन जा रहे थे।

मुंबई एयरपोर्ट पर इमीग्रेशन में 7 विद्यार्थियों को पकड़ा गया है। ये सभी गलत कारण देकर लंदन की यात्रा करने जा रहे थे। इनके साथ ही एक एजेंट को भी गिरफ्तार किया गया है। यानी कुल मिलाकर 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, छात्रों ने 20 लाख रुपए देकर जाली दस्तावेज बनवाए थे और जेद्दाह होते हुए लंदन जाने की तैयारी में थे।

प्राथमिक रूप से मिली जानकारी के मुताबिक दिल्ली में एक एजेंट ने सभी छात्रों को ब्रिटेन भेजने का आश्वासन दिया और वीजा के लिए हर एक से 20 लाख रुपये लिए। एजेंट बिट्टा ने सभी को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्र होने के बोगस डॉक्यूमेंट्स भी बनाकर मुहैया कराए। लेकिन इमीग्रेशन के दौरान अधिकारियों को इनकी बातों पर शक हो गया और पूछताछ में पूरी बात का पता चल गया। पूछताछ में पता चला कि इन विद्यार्थियों ने फर्जी इन्फॉर्मेशन और डॉक्यूमेंट्स के आधार पर वीजा बनवाया और ऐसा करने के लिए उन छात्रों से एजेंट ने 20 लाख रुपये लिए। मुंबई पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि 7 छात्र जेद्दाह होते हुए लंदन जा रहे थे।

इस मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एसआईबी ब्यूरो में पोस्टेड पुलिसकर्मी भटू वालके ने अपने बयान में पुलिस को बताया कि 9 मार्च की रात को वो ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन में ड्यूटी पर तैनात थे और इस दौरान विदेश जाने वाले कई यात्रियों में डॉक्यूमेंट्स, टिकट, पासपोर्ट, और वीजा की जांच कर रहे थे। इसी दौरान 2 यात्री इमिग्रेशन जांच के लिए उनके काउंटर पर आए। जांच के लिए जब वालके ने उनका बोर्डिंग पास देखा तो पता चला कि वे दोनों जेद्दाह से होते हुए लंदन जा रहे हैं। जब उनसे लंदन जाने की वजह पूछी गई तो यात्रियों ने खुद को विद्यार्थी बताया और कहा कि वे स्टूडेंट लर्निंग प्रोग्राम के तहत यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने इस प्रकार की जानकारी इमीग्रेशन डिपार्टमेंट को दी। जब पूरा मामला सामने आया तो सभी को हिरासत में ले लिया गया। मुंबई के सहार पुलिस स्टेशन में 8 यात्रियों के खिलाफ इंडियन पासपोर्ट एक्ट की धारा 12 और बीएनएस की धारा 143, 318(4), 336(2), 336 (3) और 340 (2) के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले को आगे की जांच के लिए क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया गया है।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय:– यूनिक बिल्डिंग, 289–290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक–पवन गौतम। फोन नंबर–0565–2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053